दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 80 जयपुर, बुधवार, 28 फरवरी, 2024 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष- चतुर्थी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00




5 साल की सीक्रेसी और कड़ी ट्रेनिंग के बाद पहली बार सामने आए चार गगनयात्री

## ISRO गगनयान मिशन: अंतरिक्ष में जाएंगे चार एस्ट्रोनॉट, पीएम मोदी ने नामों का किया ऐलान

### क्या है भारत का मानव अंतरिक्ष मिशन?

गगनयान मिशन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की पहल है। गगनयान मिशन के दौरान एक रॉकेट में 4 अंतरिक्ष यात्रियों को 400 किलोमीटर दूर पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा और उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा। यह भारत का पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन (ह्यूमन स्पेस मिशन) है, जो तीन दिन का होगा।

एजेंसी| नई दिल्ली

चांद और सूरज के बाद भारत एक बार फिर अंतरिक्ष पर इतिहास रचने को तैयार है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ISRO अपने गगनयान मिशन पर काम रही है। चंद्रयान और आदित्य एल-1 की सफलता के बाद ये मिशन इसरो को और बुलंदियों पर पहुंचाएगा। गगनयान भारत का पहला मानव मिशन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब 2018 में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन, गगनयान की घोषणा की थी, तभी से संभावित अंतरिक्ष यात्रियों के नामों पर सस्पेंस बना हुआ था। मंगलवार को उस सस्पेंस से पर्दा उठ गया है। अंतरिक्ष में भारत के पहले स्वदेशी मानव मिशन गगनयान में शामिल 4 एस्ट्रोनॉट के नाम सामने आ गए हैं। पीएम मोदी ने मिशन के ऐलान के 5 साल बाद मंगलवार को सार्वजनिक कार्यक्रम में अंतरिक्ष यात्रियों से मुलाकात की। गगनयान मिशन के लिए ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप, विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला को चुना गया है। ये सभी भारतीय वायुसेना के अधिकारी हैं। बेंगलुरु में अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण सुविधा में इनकी लंबे समय से ट्रेनिंग हो रही है।



### मोदी ने चारों अंतरिक्ष यात्रियों को किया सम्मानित

गगनयान मिशन के चारों अंतरिक्ष यात्रियों का पीएम मोदी ने तिरुवनंतपुरम में इसरो के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में पंख देकर सम्मान किया। इनमें इंडियन एयरफोर्स के 3 ग्रुप कैप्टन और 1 विंग कमांडर हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस बात का खुलासा पहले ही हो चुका था कि गगनयान के चयनित अंतरिक्ष यात्री टेस्ट पायलट होंगे। क्योंकि अंतरिक्ष में देश के पहले मानव मिशन में खामी को कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जा रही थी। इन सभी एस्ट्रोनॉट्स को इनके उड़ान कौशल को ध्यान में रखते हुए चुना गया है। अब ये इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र में गगनयान मिशन को लेकर बारीकियां समझ रहे हैं।

### 2018 में हुआ था मिशन की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2018 में स्वतंत्रता दिवस के भाषण के दौरान गगनयान मिशन का ऐलान किया था। पहले इस मिशन को 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन कोरोना महामारी के चलते इसमें देरी हुई। अब गगनयान मिशन 2024 के आखिर या 2025 की शुरुआत में पूरा होने की उम्मीद है। गगनयान मिशन में गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा गया है। यहां तक की 5 साल की सीक्रेसी के बाद पहली बार मिशन के लिए चयनित अंतरिक्ष यात्री सामने आए हैं।

## जरूरी खबर

### गजल गायक पंकज उधास पंचतत्व में विलीन



मुंबई। दिग्गज गजल गायक पंकज उधास मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। राजकीय सम्मान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। पंकज उधास के अंतिम सफर पर परिजनों समेत संगीत की दुनिया के कई सरताजों की आंखें नम हो गईं। दिग्गज तबला वादक जाकिर हुसैन, सोनू निगम, शान, भजन सम्राट अनूप जलोटा और संगीतकार शंकर महादेवन ने अपने दोस्त पंकज उधास को अंतिम विदाई दी। इस दौरान जाकिर हुसैन और शंकर महादेवन के चेहरे पर पंकज उधास के जाने का दुख साफ झलक रहा था, वहीं पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर भी पंकज उदास के अंतिम संस्कार में पहुंच उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में उनके फैंस पहुंचे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

15 राज्यों में राज्यसभा की 56 सीटों के लिए चुनाव

## UP में BJP ने SP को दी मात भाजपा के सभी कैंडिडेट जीते

### हिमाचल में बड़ा उलटफेर: कांग्रेस के पास 68 में से 40 MLA, फिर भी जीत गई BJP

एजेंसी| नई दिल्ली

राज्यसभा चुनावों के लिए मंगलवार को तीन राज्यों की 15 सीटों पर वोटिंग हुई। उत्तर प्रदेश की 10, कर्नाटक की 4 तो हिमाचल प्रदेश की एक सीट पर वोटिंग हुई। यूपी में सपा को तगड़ा झटका लगा, यहां 7 सपा विधायकों ने भाजपा के लिए वोटिंग की। 15 राज्यों में राज्यसभा की 56 सीटों के लिए 41 नेता पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं। इनमें पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी, भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा, अशोक चव्हाण और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन जैसे दिग्गज शामिल हैं।

यूपी में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने राज्यसभा के चुनाव में अखिलेश यादव को बड़ी मात दी है। सपा विधायकों की क्रास वोटिंग से भाजपा के सभी आठ प्रत्याशी जीत गए हैं। सपा के तीन में से दो ही प्रत्याशी जीत सके हैं। तीसरे प्रत्याशी आलोक रंजन हार गए हैं। सपा के 7 एमएलए ने क्रास वोटिंग करते हुए भाजपा के पक्ष में वोट दिया है। सपा के पक्ष में भी एनडीए के दो विधायकों के क्रास वोटिंग की है। बसपा के एक मात्र विधायक ने भाजपा को वोट दिया। मतदान के तुरंत बाद मतगणना शुरू हुई, लेकिन बीच में रोकनी भी पड़ी। सपा ने भाजपा के एक विधायक का वोट किसी और से डलवाने का आरोप लगाते हुए आपत्ति की। इसके बाद दोबारा गिनती शुरू हुई और भाजपा के आठ और सपा के दो प्रत्याशियों को विजयी घोषित कर दिया गया।

### उत्तर प्रदेश की 8 सीटें भाजपा और 2 सीटें सपा ने जीतीं



#### जया बच्चन को मिले सबसे ज्यादा वोट

प्रथम वरीयता के मतों में सबसे ज्यादा जया बच्चन को 41 वोट मिले हैं। लाल जी सुमन को 40 वोट मिले। तीसरे प्रत्याशी आलोक रंजन को प्रथम वरीयता के केवल 19 वोट मिले हैं। इसके अलावा भाजपा के अमर पाल, सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर, नवीन जैन, साधना सिंह और संगीता बलवंत सभी को 38-38 वोट मिले। आरपीएन सिंह को 37 वोट मिले हैं। संजय सेठ को प्रथम वरीयता के 29 वोट मिले हैं। उन्होंने पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन का राज्यसभा जाने का सपना धराशायी कर दिया है। सपा विधायकों की क्रास वोटिंग के कारण आलोक रंजन हार गए हैं।

#### नामांकन के अंतिम दिन से रोचक हो गया था चुनाव

यूपी में नामांकन के अंतिम दिन से ही राज्यसभा का चुनाव रोचक हो गया था। दस सीटों पर पहले भाजपा के सात और सपा के तीन कुल दस ही प्रत्याशी थे। नामांकन के अंतिम दिन भाजपा ने अपना आठवां प्रत्याशी उतारकर चुनाव को रोचक बना दिया था। भाजपा की मंशा लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सपा में सेंधमारी करना था। भाजपा अपनी रणनीति में सफल भी हो गई है।

#### हिमाचल: BJP ने लॉटरी से जीती सीट



हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट के विधानसभा परिसर में हुए मतदान का नतीजा घोषित हो गया है। सत्तारूढ़ दल कांग्रेस के प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी को हराकर भाजपा के हर्ष महाजन ने राज्यसभा चुनाव जीत कर इतिहास रच दिया है। दोनों दलों के प्रत्याशियों को 34-34 वोट मिले थे। इसके बाद पर्ची से फैसला हुआ। इसमें भाजपा ने बाजी मारी।

#### विधायकों ने बेचा ईमान: सुक्खू

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि किसी ने अपना ईमान ही बेच दिया। 9 क्रॉस वोटिंग हुई, उनमें से 3 निर्दलीय विधायक थे, लेकिन 6 अन्य ने अपना ईमान बेच दिया और अभिषेक सिंघवी के खिलाफ मतदान किया। उन्होंने अपना वोट बदला और अपने ईमान को बेचा है, लेकिन हिमाचल की जनता इस प्रकार की संस्कृति की आदि नहीं है।

#### कर्नाटक में कांग्रेस ने तीन, भाजपा ने एक सीट पर जीत की हासिल



कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने तीन सीट, जबकि भाजपा ने एक सीट जीती। उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए व्यक्तियों में अजय माकन, जी सी चंद्रशेखर और सैयद नसीर हुसैन (सभी कांग्रेस से) और भाजपा के नारायणसा के. भांडगे शामिल हैं। चुनाव में चार सीट के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें जनता दल (सेक्युलर) के उम्मीदवार डी. कुपेंद्र रेड्डी भी शामिल थे। चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई। भाजपा विधायकों में से एक, एस टी सोमशेखर ने कांग्रेस के अजय माकन के लिए मतदान किया, जबकि अन्य विधायक ए. शिवराम हेब्बार ने मतदान में भाग नहीं लिया।

7वीं बार जारी हुआ वारंट

## मशहूर फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा फरार घोषित

बेधड़क| रामपुर

मशहूर फिल्म अभिनेत्री और रामपुर की पूर्व सांसद जया प्रदा को कोर्ट ने आखिरकार फरार घोषित कर ही दिया। 2019 लोकसभा आम चुनाव के दौरान भाजपा की प्रत्याशी रही जया प्रदा पर चुनाव के दौरान आचार संहिता के दो मामले रामपुर में दर्ज किए गए थे, जिनकी सुनवाई रामपुर की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है।

जानकारी के मुताबिक पिछली दर्जनों तारीखों पर जया प्रदा हाजिर नहीं हुईं और बार-बार कोर्ट से उनको पेश करने के लिए समन जारी हुए। इसके बाद उनके खिलाफ वारंट और फिर गैर जमानती वारंट भी जारी हुए, लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हुईं। कोर्ट ने जया प्रदा के खिलाफ सात बार गैर जमाती वारंट जारी किए हैं। इसके बाद



### 6 मार्च को अदालत में पेश करने के आदेश

अब कोर्ट ने मंगलवार को कड़ा रुख अपनाते हुए पूर्व सांसद व अभिनेत्री जया प्रदा को फरार घोषित कर दिया और उनके विरुद्ध 82 सीआरपीसी की कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक को एक डिप्टी एसपी की अगुवाई में टीम बनाकर 6 मार्च, 2024 को अदालत में पेश करने की हिदायत दी है।

पुलिस अधीक्षक रामपुर को बार-बार लिखकर जया प्रदा को पेश करने के आदेश दिए, लेकिन वह फिर भी पेश नहीं हुईं।

## राजस्थान और पंजाब में 16 जगह पर NIA की रेड

एजेंसी| नई दिल्ली

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में आतंकवादी-अपराधी गठजोड़ को खत्म करने के लिए मंगलवार को राजस्थान और पंजाब में कई स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें छह लोगों को हिरासत में लिया गया। एनआईए के अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी-संगठित आपराधिक गिरोह के गठजोड़ से संबंधित एक मामले में जारी जांच के तहत पंजाब में 14 और राजस्थान में दो स्थानों पर तलाशी ली गई। उन्होंने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के संबंध में छह लोगों से पूछताछ की जा रही है।

एनआईए ने कहा कि पंजाब के अमृतसर, भटिंडा, मोगा, संगरूर और कपूरथला जिलों और राजस्थान के चूरू और हनुमानगढ़ जिलों में छापेमारी की गई। आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उनसे कई डिजिटल उपकरण, मोबाइल फोन और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए, जिनकी जांच की जा रही है।

महिला पाक हैंडलर को भेज रहा था गोपनीय सूचनाएं

## हुस्न के जाल में फंसकर आर्मी की सूचनाएं भेज रहा था वेट कैंटीन संचालक

- ISI के लिए जासूसी कर रहे डूंगरगढ़ निवासी विक्रम सिंह को किया अरेस्ट
- एक साल से महिला को भेज रहा था सेना की जानकारी
- हनीट्रैप में फंसाकर युवती लेती थी आर्मी की गुप्त सूचनाएं

बेधड़क| जयपुर

सेना के बाबू और जवानों के बाद अब वेट कैंटीन संचालक भी पाक महिला हैंडलर के हनीट्रेप में फंसकर आर्मी की गतिविधियों की जासूसी करके सूचनाएं लीक करने लगा। सूचना मिलने पर राजस्थान इंटेलिजेंस ने मिलट्री इंटेलिजेंस बीकानेर के साथ मिलकर पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी कर रहे बीकानेर के डूंगरगढ़ निवासी विक्रम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी विक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से पाक हैंडलर अनिता से एक साल से संपर्क में था। विक्रम लंबे समय से आर्मी एरिया महाजन बीकानेर की वेट कैंटीन का संचालन कर रहा था और पाक हैंडलर को विक्रम आर्मी एरिया की संवेदनशील जानकारियां जैसे फोटोग्राफ्स, प्रतिबंधित स्थान की लोकेशन, वीडियो, यूनिटों और अधिकारियों की जानकारी सोशल मीडिया पर उपलब्ध करवा रहा था। इंटेलिजेंस के अफसर आरोपी से पूछताछ कर रहे हैं। आरोपी विक्रम से युवती न्यूड होकर वीडियो कॉल करती थी। इसके बदले में विक्रम आर्मी की सूचनाएं शेयर करता था।



### भारत पाक बॉर्डर पर है जासूसों का बड़ा नेटवर्क

सीमा से सटे जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर जिले में पाक की खुफिया एजेंसियों का लंबा-चौड़ा नेटवर्क है। यहां आए दिन पाक जासूस पकड़े जाते हैं, ये भारतीय सेना की सूचनाएं पाकिस्तान भेजते हैं, लेकिन अब सूचना लीक करने के तरीके बदल गए हैं। आईएसआई द्वारा युवतियों के मार्फत सोशल मीडिया से आर्मी तक में दस्तक दे दी। हालात यह है कि अब हुस्न के जाल में फंसकर सेना के जवानों द्वारा भी लगातार देश से गद्दारी करने के मामले सामने आ रहे हैं। सेना के जवानों व कर्मचारियों के साथ में बॉर्डर के गांवों में रहने वाले युवक भी युवतियों के चक्कर में हनी ट्रेप का शिकार हो रहे हैं और बॉर्डर पर होने वाली सेना की गतिविधियों की सूचनाएं लीक कर रहे हैं।

#### 400 किमी लंबी सीमा, हिंदू पाक विस्थापितों पर भी निगरानी

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों का जैसलमेर में लंबा चौड़ा नेटवर्क है। करीब 400 किमी से अधिक सीमा जैसलमेर जिले में लगती है। इन इलाकों के ग्रामीणों तक पाकिस्तान की एजेंसियों की पहुंच है और वे धीरे-धीरे अपने स्लीपर सेल बढ़ा रही हैं। जैसलमेर में पिछले कुछ वर्षों में एक दर्जन से भी अधिक पाक जासूस पकड़े गए हैं। इसके अलावा बीकानेर और बाड़मेर की सीमा पर भी कुछ लोग संदिग्ध है, जिन पर इंटेलिजेंस की नजर है। खुफिया एजेंसियों की नजर हिंदू पाक विस्थापितों पर भी सबसे ज्यादा रहती है।

### दिया जाता है पैसों का लालच भी

पड़ताल में सामने आया कि युवतियों न्यूड होकर ऐसे लोगों को वाट्सएप पर वीडियो कॉल करती है और जाल में फंसाकर सूचनाएं मांगती रहती हैं। कई दफा तो लोगों को एक सूचना देने पर 500 से 2000 रुपए तक अकाउंट में जमा भी कराए जाते हैं। यह खुलासा इंटेलिजेंस शाखा द्वारा पिछले पांच साल में पकड़े गए जासूसों से पूछताछ में हुआ है। प्रदेश में जासूसी के पिछले साल 10 प्रकरण सामने आए थे, जबकि इस साल तीन प्रकरण सामने आ चुके हैं।

**जरूरी खबर**

## देवनानी ने किया सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास



**बेधड़क.जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को अजमेर में सामुदायिक हॉल का शिलान्यास किया। ग्राम खरेखडी स्थित भारतीय जन सेवा प्रतिष्ठान केंद्र पर सामुदायिक हॉल का निर्माण किया जा रहा है। देवनानी ने इसके लिए विधायक कोष से 10 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। देवनानी ने कहा कि इस क्षेत्र में सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए सामुदायिक हॉल की ग्रामीणों ने आवश्यकता जताई थी। ग्रामीणों की सुविधा के लिए हॉल का निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

## मनरेगा के नवाचारों पर कार्यशाला में हुई चर्चा

**बेधड़क.जयपुर।** ग्रामीण विकास विभाग की ओर से महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत नवाचारों को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और स्थानीय स्थिति की आवश्यकतानुसार नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न जिलों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीयों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यशाला में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने चारागाह विकास, पशु आश्रय स्थलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण, एनीकट, आदर्श अमृत सरोवर सम्बन्धी कार्यों के लिए अपने सुझाव दिए। कार्यशाला का आयुक्त, शिवांगी स्वर्णकार ने शुभारम्भ किया।

## प्रदेश में गिरता भू-जल स्तर चिंता का विषय: शर्मा



**बेधड़क.जयपुर।** प्रदेश में गिरता भूजल स्तर चिंता का विषय है। जल संचयन सहित अन्य विधियों से भूजल स्तर में सुधार करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके लिए अटल भूजल योजना मील का पत्थर साबित होगी। यह कहना है जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा का। वे मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में अटल भूजल योजना के तहत आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान के 17 जिलों के 38 ब्लॉक, 1132 ग्राम पंचायतों में जन सहभागिता से गिरते हुए भूजल स्तर की रोकथाम के लिए सकारात्मक परिणाम लाने की आवश्यकता जाहिर की।

**लोकसभा चुनाव की तैयारी:** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में बोले प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी

# प्रदेश में पचास लाख लोगों को नमो ऐप से जोड़ने का लक्ष्य

बेधड़क | जयपुर

भाजपा प्रदेश कार्यालय जयपुर में मंगलवार को विकसित 'भारत एंबेसडर महाअभियान नमो ऐप' कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि नमो ऐप डाउनलोड करने के लिए जिलों से लेकर मंडल और शक्ति केंद्रों तक सरंचना बनाने का काम करना होगा।

सभी मोर्चों सहित सांसदों, विधायकों, प्रदेश पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों सहित अन्य कार्यकर्ताओं को नमो ऐप डाउनलोड कराने का व्यक्तिगत और सामूहिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नमो ऐप पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इन दस वर्षों में हुए गरीब कल्याण के सभी ऐतिहासिक कार्यों सहित पीएम मोदी से जुड़ी अन्य एक्टिविटी देखने को मिलेंगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश में 50 लाख लोगों को नमो ऐप डाउनलोड़ कराकर विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर बनाने का है। विकसित भारत की परिकल्पना में देश के नागरिकों का योगदान सुनिश्चित करने के लिए नमो ऐप डाउनलोड़ कर पीएम मोदी के सीधे जुड़ने का मौका है। केंद्र के निर्देशानुसार भाजपा के सभी सांसदों, विधायकों, सभी मोर्चों के प्रदेशाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, कार्यकारिणी, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारियों सहित पंचायत स्तर तक नमो ऐप डाउनलोड़ कराने का लक्ष्य मार्च तक पूरा करने का रखा गया है। भाजपा सोशल मीडिया के प्रदेश सह-संयोजक अजय विजयवर्गीय ने कार्यशाला के दौरान नमो ऐप डाउनलोड़ करने के प्रोसेस को प्रजेंटेशन के जरिये समझाया। इस दौरान उन्होने विकसित भारत एंबेसडर बनने और पीएम मोदी के विकसित भारत विजन समझाया।



### 1 मार्च से शुरू होंगे विभिन्न कार्यक्रम

नमो ऐप प्रदेश समन्वयक आवड़दान चारण ने कहा कि महाअभियान के तहत 1 से 31 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य अधिकतम नमो ऐप डाउनलोड करा कर आमजन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे जोड़ने का काम किया जाएगा। आईटी और सोशल मीडिया के जिला संयोजक अपनी टीम के साथ इस अभियान के शिविरों में तकनीकी रूप से सहयोग करेंगे। वहीं जिला मंत्री और जिला आईटी संयोजक संगठन के शिविरों में अपना सहयोग करेंगे। प्रत्येक शिविर में कम से कम 500 नमो ऐप डाउनलोड हो और सभी नमो ऐप डाउनलोड करने वाले अपने प्रोफाइल को तुरंत कंप्लीट करें ऐसा हम प्रयास करेंगे। भाजपा सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक हीरेन्द्र कौशिक ने कहा कि नमो ऐप एक बेहद साधारण ऐप है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में बहुत से नवाचार किये हैं जिसमें रेडियो पर मन की बात के बाद दो तरफा जन संवाद का सबसे सुगम तरीका नमो ऐप है।

### मंडल स्तर तक शिविर आयोजित होंगे

भाजपा आईटी के प्रदेश सह-संयोजक नरेन्द्र कटारा ने कहा कि युवा मोर्चा को छोड़कर अन्य सभी मोर्चा प्रत्येक मण्डल में शिविर का आयोजन कराएगा। एक मंडल में कुल 6 शिविर आयोजित होंगे, और एक शिविर में कम से कम 150 नमो ऐप डाउनलोड करने का लक्ष्य प्राप्त किया जाएगा। भाजयुमो द्वारा 500 कॉलेजों में परीक्षा पर चर्चा आयोजन का होर्डिंग लगाकर नमो ऐप डाउनलोड कराई जाएगी। प्रत्येक मंडल पर चार शिवरों का आयोजन होगा। आईटी विभाग एवं नमो ऐप, विकसित भारत ऐंबेसडर अभियान के संयोजक अपनी टीम के साथ प्रदेश स्तर पर क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग कर अभियान की सफलता सुनिश्चित करने का कार्य करेंगे।

**प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने हार के लिए** अपनों को ठहराया जिम्मेदार

# कांग्रेस मजबूत पार्टी... किसी लीडर ने किया कमजोर: रंधावा

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार को लेकर एक फिर से बहस छिड़ गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने मंगलवार को बीकानेर में लोकसभा चुनाव को लेकर हुए कांग्रेस के संवाद कार्यक्रम में नेताओं को ही हार का जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस कमजोर नहीं हैं, बल्कि किसी लीडर ने कांग्रेस को कमजोर कर दिया हैं। कार्यक्रम में मंच पर बैठे पूर्व मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला, गोविंदराम मेघवाल और भंवर सिंह भाटी से उन्होंने सवाल किया कि हम क्यों हारे? रंधावा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि 'आप नहीं हारे हो, स्टेज पर बैठे नेताओं ने आपको हरा दिया।' इस बारे में सोचना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जुट जाएं। कांग्रेस को मजबूत करना है तो कार्यकर्ता की सुननी पड़ेगी।

सिर्फ भाषण देने से कुछ नहीं होगा। रंधावा ने कहा कि पार्टी का नेता भले ही किसी पार्टी में चला जाए, लेकिन कार्यकर्ता नहीं जाएगा। रंधावा ने गोविंदराम मेघवाल के बयान पर भी तल्ख टिप्पणी की। मेघवाल ने अपने भाषण में कहा कि बड़े नेता हमें गोद में ले लें, हम बीकानेर की सीट निकाल देंगे। इस पर रंधावा ने कहा कि हम आपको गोद में तो ले लेंगे, लेकिन गोद में लेने लायक बनो तो सही। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि भजनलाल शर्मा के राज में अपराध बढ़े हैं। डोटासरा ने पिछले कुछ दिनों में हुए रेप, हत्या और अपहरण के आंकड़े भी गिनाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की बात को छोड़कर अब लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। मेघवाल और डॉ. कल्ला की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप पर जिम्मेदारी ज्यादा है। इस पर दोनों ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पूरी शिद्दत से पार्टी के साथ काम करेंगे।



### रेंवतराम की पार्टी में वापसी का संकेत

डोटासरा ने पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी से कहा कि आपसे लोगों की नाराजगी है तो घर-घर जाकर दूर कर लें। डोटासरा ने कोलायत से चुनाव लड़ने वाले रेंवतराम पंवार को भी वापस पार्टी में लेने का संकेत दिया। इस पर भाटी ने कहा कि आप चाहो तो उन्हें वापस ले लो। इस पर डोटासरा ने कहा भाटी की रजामंदी नहीं हुई तो भी रेंवतराम को पार्टी में ले सकते हैं, बशर्ते उनकी कोई शर्त नहीं हो। डोटासरा ने गोविंदराम मेघवाल को माला और कल्ला को शॉल भी ओढ़ाया। इस पर डोटासरा ने कहा कि आपका जोश देखकर आपको माला पहनाई है। अब आपको ये लोकसभा सीट निकालवानी है।

### वक्ताओं ने किए अर्जुनराम पर हमले

अधिकांश वक्ताओं ने वर्तमान सांसद अर्जुनराम मेघवाल पर जमकर हमले बोला। खासकर गोविन्दराम मेघवाल ने सांसद को 'पापड़ बेचने वाला' बताते हुए कहा कि पांच साल में कोई काम नहीं हुआ। नौकरी से रिटायर होकर राजनीति में आ गए। वहीं डोटासरा ने कहा कि किसी को किनारे करना है तो कांग्रेस नेता अर्जुनराम को किनारे करें, आपस में एक-दूसरे को नहीं। गौरतलब है कि कांग्रेस की पिछले दिनों सूरज टॉकिज में हुई मीटिंग में पार्टी पदाधिकारी ही नहीं पहुंचे थे। प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने तब स्टेज से ही कार्यकर्ताओं की हाजिरी ली तो पता चला कि बहुत कम संख्या में मुख्य पदाधिकारी आए हैं। नाराज डोटासरा ने पूर्व मंत्रियों के समक्ष भी नाराजगी जताई कि जिस जिले से तीन-तीन मंत्री थे, हम वहां से इस तरह हार गए।

**दीया कुमारी की पहल पर** मिली स्वीकृति

## 238 करोड़ से बदलेगा प्रदेश के दो राजमार्गों का स्वरूप, मिली स्वीकृति



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के दो नेशनल हाईवे 238 करोड़ रुपय की लागत से अपग्रेड किए जाएंगे। केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इसकी स्वीकृति जारी की है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-79 (नया 448) के लिए 3.95 किमी लम्बाई के फोर लेन पेब्ड शेल्डर कार्य के लिए 82.72 करोड़ की स्वीकृति जारी की गई है। यह सड़क अजमेर-नसीराबाद घाटी से निकलती है जो वर्तमान में ब्लैक स्पॉट है।

यह सड़क अजमेर से कोटा को स्टेट हाईवे-26 से जोड़ती है। फोर लेन होने के बाद यहां यातायात सुगम होगा और राजमार्ग पर स्थित ब्लैक स्पॉट का पूर्ण निवारण हो जाएगा। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे 248 ए पर 2-लेन मय पेव्ड शोल्डर का ईपीसी मोड पर 25.66 किमी लम्बाई के अपग्रेडेशन कार्य के लिए 154.89 करोड की स्वीकृति जारी की गई है।

### आंगनबाड़ी के बच्चों को दुलारा

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अजमेर के भुणा बाय स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र तथा लोहा खान, परियोजना अजमेर शहर के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को खूब प्यार दुलार किया। दिया कुमारी ने आंगनवाड़ी केंद्रों पर पहुंचकर वहां नन्हें-मुन्नों के साथ समय बिताया। उन्होंने बच्चों से रोचक बातचीत की और उन्हें खूब प्यार दुलार भी किया। बच्चे भी उप मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बहुत खुश दिखाई दिए।

**डोटासरा के बयान पर BJP** प्रवक्ता का पलटवार

## गहलोत निकाल चुके डोटासरा की पर्ची

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में लोकसभा चुनाव की आहट के साथ ही राजनेताओं की बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश की भजनलाल सरकार को पर्ची की सरकार करार दिया, तो भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने भी अब पलटवार किया।

भारद्वाज ने कहा कि डोटासरा की पर्ची तो अशोक गहलोत पहले ही निकाल चुके हैं। जब शिक्षकों ने डोटासरा की ओर इशारा कर कहा, कि हां हमें ट्रांसफर की एवज में पैसा देना पड़ता है। भजनलाल शर्मा आम आदमी के मुख्यमंत्री हैं, उन पर आधारहीन बातें करके कांग्रेस खुद का ही नुकसान कर रही है। लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि जब से प्रदेश में भजनलाल शर्मा की सरकार बनी है, तब से कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा बार-बार पर्ची की सरकार का जिक्र कर रहे हैं। क्या वो उस ऐतिहासिक घटना को भूल गए, जब पिछली कांग्रेस सरकार के समय बिड़ला ऑडिटोरियम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पर्ची निकाल दी थी। पूर्व सीएम गहलोत ने सम्मानित होने वाले शिक्षकों से सवाल किया था कि ट्रांसफर के पैसे तो नहीं देने होते, तब गहलोत के सामने ही शिक्षकों ने तत्कालीन शिक्षा मंत्री और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा की ओर से इशारा करते हुए कहा था, कि 'हां हमें ट्रांसफर के लिए पैसा देना पड़ता है।' यह है कांग्रेस का चरित्र, आज वही डोटासरा भाजपा सरकार पर मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस सरकार में हर महीने आईएस और आईपीएस अधिकारियों की ट्रांसफर लिस्ट आया करती थी। राज्य में एक तबादला उद्योग स्थापित कर दिया गया था।



**डीजीपी साहू ने आर्थिक सहयोग के लिए** जारी की अपील

## हृदयांश को 17.50 करोड़ के इंजेक्शन की दरकार

बेधड़क | जयपुर

डीजीपी यूआर साहू ने भरतपुर रेंज में एक उप निरीक्षक के बच्चें को अद्भुत बीमारी से बचाने के लिए सहयोग राशि जुटाने के लिए अपील की है। इसके लिए सभी एसपी को पत्र भिजवाया है। बताया जा रहा है कि इस बीमारी के इंजेक्शन के लिए साढ़े 17 करोड़ के आसपास खर्चा आएगा।

जानकारी के अनुसार भरतपुर रेंज के उपनिरीक्षण नरेश शर्मा के बेटे 'हृदयांश' जिसकी उम्र 1 साल 8 माह है का जीवन खतरे में है। वह स्पाइनल मस्क्युलर एट्रोफी (एसएमए) नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है। चिकित्सक की राय के अनुसार इस बीमारी का एक मात्र संभावित उपचार जोल्जेंस्मा नामक इन्जेक्शन से उपचार संभव है, जो इस प्रकार दुर्लभ बीमारी से ग्रसित बच्चों को जीवन जीने की आशा प्रदान करता है। चिकित्सकों के अनुसार इस इंजेक्शन को इंप्लांट करने की अधिकतम उम्र 24 महीने है। इसलिए इनके पास ज्यादा समय शेष नहीं हैं। इनके बच्चे का जीवन गंभीर संकटा की स्थिति में है। इस इंजेक्शन की कीमत लगभग 17.50 करोड रुपए के आस-पास है।

पुलिस परिवार से आग्रह है कि सहानुभूति पूर्वक इस बच्चे की जीवन रक्षा के लिए आर्थिक मदद करें, जिससे कि जोल्जेंस्मा इंजेक्शन निर्धारित समयावधि के अन्दर उपलब्ध हो सके। सहयोग राशि आरबीएल बैंक के खाता संख्या 2223330077641201 में भेजी जा सकती है। खाता हृदयांश के नाम से है, जिसका आईएफसी कोड RAT-NOVAAPIS है। डिजिट में एन के बाद जीरो है। वहीं यूपीआई आईडी assist.hridyansh13@icici है।




**अभ्यर्थी कर रहे हैं भर्ती प्रक्रिया रद्द करने की मांग**

# EO-RO भर्ती हो सकती है रद्द, हाई कोर्ट में याचिका पर सुनवाई आज

कुणाल भटनागर | बेधड़क

**जयपुर।** आरपीएससी द्वारा 2023 में आयोजित राजस्व अधिकारी व अधिशासी अधिकारी भर्ती परीक्षा को लेकर मुकेश चौधरी की याचिका पर बुधवार को राजस्थान हाईकोर्ट में सुनवाई होगी।

भ्रष्टाचार और अनियमिताओं की आशंका के चलते अभ्यर्थी इस भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने की मांग कर रहे है। अभ्यर्थियों ने इसके लिए होईकोर्ट की शरण ली है। इस परीक्षा को लेकर हाईकोर्ट में तीन याचिका लग चुकी है। आज इस मामले में तीसरी याचिका पर सुनवाई होगी। दरअसल 14 मई 2023 को इस परीक्षा का आयोजन दो पारियों में किया गया था। करीब एक लाख 90 हजार अभ्यर्थियों ने इस भर्ती परीक्षा में भाग लिया। इसी के साथ प्रथम पारी के दो घंटे बाद दूसरी पारी की परीक्षा में अनेक प्रश्नों के रिपीट होने को लेकर भी अभ्यर्थी सवाल खड़े कर रहे हैं। दौसा निवासी भरत मीणा के द्वारा दायर याचिका पर राजस्थान होईकोर्ट ने नोटिस जारी करके पूछा था कि 'क्यों नहीं भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया जाए' जस्टिस सुदेश बंसल ने मुख्य सचिव, आरपीएससी के चेयरमैन व प्रमुख सचिव यूडीएस से जवाब मांगा था। इसके बाद राधेश्याम छीपा की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने नियुक्तियों को याचिका के अंतिम फैसले के अधीन रखने के लिए कहा था।



### भर्ती पर नकल गिरोह और दलालों का साया

इस भर्ती पर पहले से नजर लगाकर बैठे नकल माफिया और दलाल पूरी तरह से इस परीक्षा में सेंध लगाने का प्रयास कर रहे थे। ब्लूटूथ से नकल करने वाले इस परीक्षा में पकड़े गए थे। परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद काउन्सलिंग में भी अपनी जगह दूसरे व्यक्ति को बैठाने वाला शख्स गिरफ्तार किया गया था। इस परीक्षा में कांग्रेस के बड़े नेता गोपाल केसावत को ओएमआर शीट बदलवाने के बदले पैसे लेने के मामले में एसीबी द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

### आज भी जवाब मांगे सवाल

परीक्षा में पास कराने के बदले 25 लाख रुपए मांगने वाले इस गिरोह का मास्टरमाइंड कौन है? गोपाल केसावत ने आरपीएससी सदस्य का नाम क्यों लिया था? एसीबी के रडार पर आए कांग्रेस नेता गोपाल केसावत और गिरफ्तार चारों आरोपी एक-दूसरे से कैसे मिले? क्या अभी तक जांच में आरपीएससी के सदस्यों का कोई लिंक नहीं मिला? क्या इस मामले की उच्च स्तर पर जांच नहीं होनी चाहिए जैसे सवाल आज भी जबाव मांग रहे हैं। हालांकि आरोप लगाने से कोई दोषी नहीं बनता है, लेकिन बाबू लाल कटारा जैसे लोग जब पेपर लीक के प्रकरण में पकड़े जाते है तो ईओ-आरओ भर्ती में गफलत की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

### पूर्व चेयरमैन व अन्य को एसीबी ने किया था ट्रैप

इस भर्ती के संबध में ओएमआर शीट बदलवाने की एवज में 18 लाख 50 हजार रुपये की घूस लेने के चलते घुमंतू बोर्ड के पूर्व चेयरमैन गोपाल केसावत के साथ ब्रह्मप्रकाश, रविन्द्र शर्मा को भी एसीबी द्वारा ट्रैप किया गया था। उस समय परिवादी द्वारा सीकर एसीबी में शिकायत दी। इस मामले में दर्ज रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया गया था कि दलाल द्वारा परिवादी को आरपीएससी सदस्यों के साथ साढ़-गाढ़ होने की बात बोली थी। दलालों ने ओएमआर सीट को बदले की एवज में परिवादी से पैसे भी मांगे थे। गोपनीय तरीके से ओएमआर सीट को रखा जाता हैं तो दलालों के पीछे किसका हाथ था। आखिर कौन वो शख्स है जो कि ओएमआर सीट बदलवाने में इन दलालों की सहायता करने वाला था। आज भी इस बात से पर्दा नहीं उठ पाया है। इसी भर्ती परीक्षा में परिणाम जारी होने के बाद काउन्सलिंग में अपनी जगह दूसरे अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठाने का मामला भी सामने आया था।

## जरूरी खबर

### आरकेएसएमबीके आकलन 2 का परिणाम जारी



**जयपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने मंगलवार को आरकेएसएमबीके आकलन 2 का परिणाम शिक्षक एप पर जारी किया। वीडियो कॉन्फ्रेंस में जैन ने बताया कि राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम (आरकेएसएमबीके) के अन्तर्गत आकलन 2 का आयोजन 6 व 7 फरवरी को किया गया था। आकलन 2 का परिणाम अभिभावक शाला दर्पण के शाला संवाद मॉड्यूल के माध्यम से देख एवं डाउनलोड कर सकते हैं। ब्लॉक, जिला व संभाग स्तर के अधिकारी भी शाला दर्पण पर त्वरित मॉनिटरिंग कर सकेंगे। जैन ने कहा कि एआई से विभाग में कक्षा 3 से 8 तक के बच्चों की अंग्रेजी, हिन्दी व गणित के विभिन्न स्किल्स पर प्रदर्शन शिक्षक एप पर उपलब्ध कराया गया है।

### एयरपोर्ट पर देसी कट्टा लेकर पहुंचा वकील

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर एक वकील देसी कट्टा लेकर पहुंच गया। जांच के दौरान सीआईएसएफ की टीम ने पकड़ लिया। वह अवैध हथियार को लेकर कोई जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद सीआईएसएफ की टीम ने यात्री उसे एयरपोर्ट थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। फिलहाल पुलिस की टीम इस मामले की जांच कर रही है। घटना सुबह 4 बजे की है। करौली के रहने वाले वकील संतोष कुमार इंडिगो की फ्लाइट से बाहर जा रहे थे। बैगेज चेकिंग के दौरान सीआईएसएफ की टीम को संतोष के बैग से देसी कट्टा मिला। टीम ने संतोष कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह कोई सही जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद सीआईएसएफ की टीम ने संतोष को एयरपोर्ट थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। जहां संतोष के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**पृथ्वी के मैग्नेटिक बियरिंग में बदलाव के कारण उठाया कदम, लैंडिंग-टेकऑफ में होगा सुधार**

# एयरपोर्ट रनवे का नया नामकरण, अब 9-27 नहीं 8-26 कहलाएगा

**बेधड़क । जयपुर**

जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के रनवे का मंगलवार को नया नामकरण किया गया। एयरपोर्ट के रनवे को पहले 9-27 के नाम से जाना जाता था, नाम बदलने के बाद अब यह 8-26 के नाम से पुकारा जाएगा। जयपुर एयरपोर्ट के रनवे को यह नई नंबरिंग डीजीसीए के मानकों के अनुरूप दी गई है। एयरपोर्ट पर यह बदलाव सालों के इंतजार के बाद लागू हुआ है। जयपुर एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार किसी भी एयरपोर्ट के रनवे का नामकरण उसकी नॉर्थ पोल से स्थिति को देखते हुए किया जाता है।



### फीता काटकर उद्घाटन

एयरपोर्ट पर रनवे के नए नामकरण का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर चीफ एयरपोर्ट ऑफिसर विष्णु मोहन झा, एयरपोर्ट अथॉरिटी के प्रभारी अधिकारी चरण सिंह, सीआईएसएफ के कमांडेंट नरपत सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर एयर साइड सेफ्टी मैनुअल भी जारी किया गया है। इसमें एयर साइड में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा मानक तय किए गए हैं।

### 4-5 दशक में इस तरह का बदलाव

विशेषज्ञों के अनुसार 4 से 5 दशक में पृथ्वी की मैग्नेटिक बियरिंग में आंशिक बदलाव होता है। इससे पहले जयपुर एयरपोर्ट का रनवे नॉर्थ पोल से 90-270 डिग्री पर था। हालांकि, एग्जेक्ट देखा जाए तो यह यह 80-260 डिग्री के निकट है। इसके चलते रनवे का नामकरण 8-26 किया गया। इससे विमान के पायलटों को रनवे कॉर्डिनेट्स की एक्यूरेट जानकारी मिलती है। एयरपोर्ट रनवे पर पहले से इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम लगा हुआ है।

### विमान संचालन में अधिक एक्यूरेसी आएगी

करीब 5 दशक से जयपुर एयरपोर्ट के रनवे का नाम 9-27 चल रहा था, लेकिन पिछले कुछ समय में पृथ्वी के मैग्नेटिक बियरिंग में बदलाव के चलते रनवे के कोण में आंशिक रूप से बदलाव देखा गया। इसी कारण एयरपोर्ट के रनवे का नाम अब 9-27 से बदलकर 8-26 कर दिया गया है। इस नए नामकरण से एयरपोर्ट पर विमान संचालन में अधिक एक्यूरेसी आएगी। बता दें कि जयपुर एयरपोर्ट का रनवे वर्तमान में 3407 मीटर यानी करीब 11 हजार 178 फीट लम्बा है। यहां कैटेगरी ई यानी बोइंग 777 जैसे विशाल जम्बोजेट विमानों की लैंडिंग और टेक ऑफ कराया जा सकता है।

**तीसरी बार बिना बोर्ड बैठक के सरकार को भेजा, पार्षदों में नाराजगी**

# 1130 करोड़ का होगा हेरिटेज नगर निगम का सालाना बजट

**बेधड़क । जयपुर**

नगर निगम हेरिटेज साल 2024-25 में शहर के विकास और मूल कार्यों पर 1130 करोड़ रुपए खर्च करेगा। इसके लिए सालाना बजट सरकार को भेज दिया है। इसे सरकार की स्वीकृति मिलने के बाद लागू किया जाएगा।

गौरतलब है कि जयपुर नगर निगम हेरिटेज ने लगातार तीसरी बार बिना बोर्ड बैठक के सालाना बजट सरकार को भेज दिया है। हालांकि, बिना बोर्ड बैठक के बजट अनुमोदन को लेकर पार्षदों ने विरोध शुरू कर दिया है।


दरअसल, नगर निगम हेरिटेज के बोर्ड गठन के बाद सिर्फ एक बार फरवरी 2021 में पहली बार नगर निगम हेरिटेज की साधारण सभा हुई। इसमें साल 2021-2022 का 784 करोड़ रुपए का बजट पारित हुआ था।

इसके बाद से जयपुर नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर ने कोविड और विधानसभा-लोकसभा सत्र का हवाला देकर एक भी बार भी बोर्ड बैठक नहीं बुलाई। साल 2022-2023 में 879 करोड़ रुपए का बजट और साल 2023-2024 में 1082 करोड़ रुपए का बजट सरकार को भेजा गया था।




### साल में बोर्ड की छह बैठक जरूरी

अब एक बार फिर नगर निगम हेरिटेज ने साल 2024-2025 का 1130 करोड़ का रुपए का बजट सीधा राज्य सरकार को भेज दिया है, जबकि नियमों के मुताबिक एक साल में छह बोर्ड की बैठक होना जरूरी है। ऐसे में नियमों के तहत अब तक 18 बैठक का आयोजन होना चाहिए था, लेकिन तीन साल में 18 की जगह सिर्फ एक साधारण सभा की बैठक ही हुई। ऐसे में अब उम्मीद जताई जा रही है कि मार्च के पहले सप्ताह में नगर निगम हेरिटेज की दूसरी बोर्ड बैठक आयोजित हो सकती है।



### जल्द ही होगी बजट बोर्ड की बैठक

जयपुर नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा सत्र की वजह से इस बार बजट बोर्ड बैठक का आयोजन नहीं हो सका। मुझे 15 फरवरी तक बजट तैयार कर सरकार तक भेजना होता है, जिसे नगर निगम के आयुक्त संशोधित कर 29 फरवरी से पहले सरकार को अनुमोदन के लिए भेजते हैं। जल्द ही नगर निगम हेरिटेज द्वारा बोर्ड बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसके प्रस्ताव तैयार हो गए हैं। मुझे पूरी उम्मीद ही नहीं बल्कि, विश्वास है कि मार्च में नगर निगम हेरिटेज की बोर्ड बैठक आयोजित की जाएगी।

**32 को अनुकंपा नियुक्ति**

# नौकरी और छात्रवृत्ति मिली तो खिले चेहरे



**बेधड़क। जयपुर**

नगर निगम ग्रेटर की ओर से अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े प्रकरणों के लिए मंगलवार को सभासद भवन में विशेष शिविर लगाया गया। इस दौरान 32 प्रकरणों को मंजूरी दी गई। इनमें से 23 व्यक्तियों को तो मौके पर हाथों-हाथ नियुक्ति पत्र जारी किए गए, जबकि 9 प्रकरणों में बुधवार तक नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे। इससे पहले दिनभर उन सभी प्रकरणों उपायुक्त कार्मिक, उपायुक्त स्वास्थ्य, कमिश्नर, मेयर की मौजूदगी में सभासद भवन में निस्तारण करवाया गया।

इस अवसर पर चैयरमेन रमेश चन्द्र सैनी, पार्षद गिर्राज प्रसाद, उपायुक्त कार्मिक कविता चैधरी, उपायुक्त मालवीय नगर मुकेश कुमार सहित आलाधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे। महापौर ने मृतक आश्रितों को नियुक्ति प्रमाण पत्र सौपते हुए शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने अनुकम्पात्मक नियुक्ति पाने वाले मृतक आश्रितों से संवाद किया।

दरअसल निगम में अनुकंपा नियुक्तियों के कई प्रकरण काफी समय से लंबित थे। इस पर मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर और कमिश्नर रूकमणी रियार ने पहल करते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने का फैसला लिया। इन नियुक्ति के अलावा मेयर और कमिश्नर ने स्वच्छता सैनिकों (सफाई कर्मचारियों) के होनहार बच्चों को स्कॉलरशिप योजना के तहत 30-30 हजार रुपए की स्कॉलरशिप दी। डॉ. सौम्या ने बताया कि पूर्व में छात्रवृत्ति के लिए आवेदन तिथि 20 फरवरी थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 मार्च कर दिया गया है, ताकि जो बच्चे रह गए है उनको आवेदन करने का मौका मिल सके।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**दुर्गापुरा महात्मा गांधी स्कूल के बच्चों ने लगाया जाम**

# स्कूल बना अखाड़ा... प्रिंसिपल-टीचर्स में रार, बच्चों को आना पड़ा सड़क पर

**बेधड़क । जयपुर**

दुर्गापुरा स्थित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में मंगलवार को प्रिंसिपल और महिला टीचर्स के आपसी विवाद के चलते स्कूली बच्चों को सड़क पर आना पड़ गया। बच्चों ने काफी देर तक सड़क जाम कर दी। बाद में सीडीईओ मंजू शर्मा, सीबीईओ ओमप्रकाश गौड़ ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत करवाया। स्कूल की प्रिंसिपल उर्वशी ने आरोप लगाया कि यहां पदस्थ तीन-चार महिला टीचरों ने गुट बना रखा है और राजकार्य के बारे में जब कहा जाता है तो करती नहीं है, बल्कि माहौल खराब करती है। मंगलवार को वह बोर्ड पेपर के कार्य से बाहर गई थी। आने पर उन्हें सौंपे गए काम के बारे में पूछा तो कहासुनी करने लग गई। बाद में बच्चों को उकसाकर रोड जाम भी करवाया। वहीं, महिला टीचर अंतिम का आरोप है कि जब से संस्था प्रधान यहां आई, तब से यहां हर कर्मचारी परेशान है। संस्था प्रधान मानसिक प्रताड़ित करती है। इस मामले में स्कूली बच्चों ने जिला शिक्षा अधिकारी के नाम स्कूल की प्रिंसिपल के पक्ष में पत्र लिखकर उनका तबादला नहीं करने की मांग की है। कहा कि दूसरी टीचर्स उनको परेशान कर रही है। पत्र में 15 से 20 बच्चों के हस्ताक्षर हैं।

**स्कूल में पिस्तौल लेकर पहुंचे बदमाशों को दबोचा, धमका रहे थे**

# ... बच्चों की बकाया फीस मत मांगना

**बेधड़क । जयपुर**

सांगानेर सदर इलाके में एक प्राइवेट स्कूल में पिस्तौल लेकर सचिव को धमकाना बदमाशों को भारी पड़ गया। टीचर्स और बच्चों ने मिलकर दोनों बदमाशों को पकड़ लिया और सांगानेर सदर थाना पुलिस को सौंप दिया।

पुलिस ने दोनों से हथियार जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि इंद्रपुरी सांगानेर निवासी सियाराम शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह इंद्रपुरी में पिंक सिटी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल का



संचालन करते हैं। रविवार को स्कूल में 12वीं क्लास के स्टूडेंट की फेयरवेल पार्टी का प्रोग्राम चल रहा था। दोपहर करीब 2 बजे स्कूल में पढ़ने वाले 12वीं क्लास के स्टूडेंट ने कहा- परिजन आपको रिसेप्शन पर बुला रहे हैं।

जब वह मिलने गए तो दो व्यक्ति रिसेप्शन में खड़े थे। पीड़ित ने बताया कि ऑफिस में बैठकर बातचीत करने दौरान एक व्यक्ति ने अपना नाम सीताराम मीणा उर्फ भाया बताया और 2 बच्चों की पढ़ाई के बारे में पूछा। उसके बाद मार्क शीट दिखाने के लिए कहा तो मैंने प्रोग्राम के कारण अगले दिन आने की बात कही। इस पर सीताराम मीणा उर्फ भाया ने कनपटी पर पिस्तौल लगाकर धमकाया कि मार्कशीट तो अभी दिखानी पड़ेगी। साथ ही आरोपी ने धमकाया कि बच्चों की बाकी की फीस मत मांगना। तभी ऑफिस में किसी के आने पर उसने पीछे देखा तो मैंने झपट्टा मारकर बदमाश से पिस्तौल छीन ली। हंगामा होने पर इकट्ठा हुए टीचर्स और स्टूडेंट ने दोनों बदमाशों को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों बदमाशों को राउंडअप कर अवैध पिस्तौल और 3 कारतूस जब्त कर लिए।

**'शेखावाटी फाउंडेशन' की मीटिंग**

# शेखावाटी के सपूतों को जोड़कर सतरंगी संस्कृति जीवंत करने पर दिया जोर

**बेधड़क । जयपुर**

शेखावाटी फाउन्डेशन द्वारा शेखावाटी के विकास के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद गोयल के नेतृत्व में मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान शेखावाटी वासियों को एक परिवार के रूप में जोड़कर अपनी पुरानी सतरंगी संस्कृति को फिर एक बार जीवंत करने पर जोर दिया गया। विनोद गोयल ने बताया कि शेखावाटी की धरा के सपूत आज पूरे विश्व में अपनी दान वीरता, शूरवीरता, उद्यमित्ता, कर्मशीलता के लिए विख्यात हैं।



शेखावाटी की जन्मभूमि से निकल पूरे विश्व को अपनी कर्म भूमि बनाने वाले शेखावाटी के सपूतों ने देश और समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आज भी निभा रहे हैं। शास्त्रों में वर्णित कुछ ऋणों में से मातृभूमि के ऋण को ये चुकाते आए हैं। अपने निजी स्तर पर प्रत्येक सपूत अपनी जन्मभूमि के लिए करता आया है। इसी भावना और प्रयास को एक संगठन स्वरूप देकर ज्यादा बेहतर तरीके और विस्तृत संसाधनों के बल पर सम्पूर्ण शेखावाटी के विकास के साथ ही अपनी कला-संस्कृति और रीति रिवाजों को जीवित रखने के विचार को अमली जामा पहनाया जाएगा, शेखावाटी फाउंडेशन के जरिए।

### मातृभूमि से सशक्त जुड़ाव का साधन बनेगा संगठन

उन्होंने कहा कि भारत के विभिन्न प्रांतों में जाकर बसे शेखावाटी के सपूतों को तो संगठन से जोड़ना है ही, साथ ही देशों-विदेशों में बसे हमारे भाईयों-बहनों की अपनी माटी के लिए भावनाओं को भी समुचित सम्मान और अपनी मातृभूमि से सशक्त जुड़ाव का साधन बनाना है। इसी विचार और प्रयास की यह अनूठी पहल है। यह संगठन अपने उद्देश्यों में सफल होगा और शेखावाटी वासियों को एक परिवार के रूप में फिर से जोड़कर अपनी पुरानी सतरंगी संस्कृति को फिर एक बार जीवंत करेगा यह संगठन।

### विकास के लिए हो रहा हर संभव प्रयास

विनोद गोयल ने कहा कि शेखावाटी फाउंडेशन, शेखावाटी अंचल में आने वाले तीन जिलों सीकर, चूरू एवं झुझुंनू के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके लिए समय-समय पर जांबाज वीरों, उद्यमियों, व्यापारियों, शिक्षाविदों, कलाकारों एवं पेशेवरों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के साथ ही प्रोत्साहन कार्यक्रम, लोक कला, संस्कृति, रीति-रिवाज एवं पर्यटन को बढ़ावा देना, शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक विकास, शेखावाटी बेरोजगारों के रोजगार उपलब्ध करवाना जैसे कार्यक्रम आयोजित करवाए जाते हैं।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री अरविंद मिश्र, राष्ट्रीय संयोजक हरि शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजानन्द शर्मा, पराक्रम राठौर, के सी मालू , पराक्रम सिंह राठौड़, एसपी यादव, जाकिर भाई, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, सदस्य पशुपति कुमार शर्मा, सुभाष जोशी, प्रवीण बलवादर, विजय शंकर तिवाड़ी, अनुराग शर्मा, नवीन शर्मा, गिरधारी लाल शर्मा, संजय जोशी, श्रवण कुमार, नवरंग लाल अग्रवाल, राजेन्द्र सिंह शेखावत, मधुसुदन शर्मा, मुकेश शर्मा और अनिल शर्मा मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### पूर्व क्रिकेटर अजहरुद्दीन ने की दरगाह पर जियारत



**अजमेर।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर अजहरुद्दीन मंगलवार को अजमेर पहुंचे। यहां उन्होंने सूफी संत हजरत ख्वाजा साहब की दरगाह में अकीदत के फूल और मखमली चादर पेश की। जियारत के बाद खादिमों ने अजहरुद्दीन की दस्तारबंदी की और उन्हें तबर्रुक भेंट किया। दरगाह में अजहरुद्दीन ने देश में अमन-चैन की दुआ मांगी। दरगाह से वे एसपी कार्यालय पहुंचे। वहां अजहरुद्दीन ने एएसपी महमूद खान से मुलाकात की। बताया जा रहा है दोनों की पुरानी मित्रता है। इसलिए आज उन्होंने अपने पुराने मित्र से मुलाकात करते हुए अपने विचार और अनुभव साझा किए।

### मंत्री गहलोत ने 121 फुट की झाड़ू का किया उद्घाटन

**झुंझुनूं।** स्वच्छ भारत अभियान को महाअभियान बनाने के लिए मंगलवार को झुंझुनूं में 121 फीट की झाड़ू का उद्घाटन किया गया। मंत्री अविनाश गहलोत ने शहीद कर्नल जेपी जानू राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में झाड़ू का उद्घाटन किया। इस दौरान आमजन को सफाई को लेकर जागरूक रहने का संदेश दिया गया। मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान को महाअभियान बनाने के उद्देश्य से यह झाड़ू तैयार की गई है। स्वच्छता भारत मिशन की जिला ब्रांड ऐंबैस्डर अंकिता क्यामसरिया के नेतृत्व में यह काम किया गया है। इसके लिए 10 सदस्यों की टीम ने सींकें, पुले, बांस व रस्सियों से 121 फीट की झाड़ू तैयार की।

### अरंडी के पौधों के बीच अफीम की खेती पकड़ी



**जोधपुर।** फलोदी जिले के एक गांव में पुलिस ने अफीम की खेती करने का खुलासा किया है। यहां से पुलिस ने 2470 अफीम के पौधे बरामद किए हैं। फलोदी के कार्यवाहक जिला पुलिस अधीक्षक सौरभ तिवाड़ी ने बताया कि नोख थाना क्षेत्र के सरहद गांव का रहने वाले रिछपाल विश्नोई के खेत में अफीम की खेती की पुख्ता सूचना मिली थी। मौके पर अरंडी के पौधों के बीच में अफीम के पौधे लगे हुए मिले, जिनको पुलिस ने जब्त किया। वहीं आरोपी रिछपाल विश्नोई को गिरफ्तार उससे पूछताछ की जा रही है।

खाटू में 11 मार्च से शुरू होने वाले लक्खी फाल्गुन मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने की चर्चा

# प्रवेश की व्यवस्था पहले की तरह, निकासी के होंगे तीन रास्ते

**बेधड़क** | सीकर

खाटू में श्याम प्रभु का वार्षिक लक्खी फाल्गुन मेला 11 मार्च से शुरू होगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से तैयारियों का दौर शुरू कर दिया गया है। मेले की व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को बैठक हुई।

बैठक में सीकर कलेक्टर कमर चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय में पुलिस, प्रशासन के अधिकारियों और मंदिर कमेटी के सदस्यों की बैठक ली। जिसमें कई निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान दांतारामगढ़ एसडीएम गोविंद भींचर, सीकर एडीएम ओमप्रकाश बिश्नोई, खाटूश्यामजी थानाधिकारी राजाराम लेगा, मंदिर कमेटी के मैनेजर संतोष कुमार शर्मा, एपीआरओ राकेश कुमार ढाका सहित कई लोग मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया है कि मेले में इस बार भक्त 8 फीट से ऊंचा निशान नहीं लेकर आएंगे, जिससे कि बिजली के तार टच होने से कोई हादसा न हो। इसके साथ ही कस्बे में व्यापारी इत्र की कांच की शीशी न बेचे। क्योंकि भक्त मंदिर में दर्शनों के दौरान उसे बाबा श्याम की प्रतिमा की तरफ फेंकते हैं तो किसी के चोटिल होने का भी डर रहता है। मेले में रोडवेज बसों से आने वाले लोगों को किराए में 50 फीसदी की छूट मिलेगी। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को अपने जूते-चप्पल गाड़ी में ही रखकर आना होगा। वहीं चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि मेले के दौरान जो भी प्राइवेट मेडिकल कैंप लगाए जाते हैं उनकी पूरी मॉनिटरिंग करें कि वहां जो लोग ड्यूटी पर है वह काम कर रहे हैं या नहीं। इसके अलावा उनकी डिग्री भी चेक की जाए। इसके अतिरिक्त चिकित्सा विभाग मेले के दौरान 10 मेडिकल कैंप लगाए।



### जल्द शुरू होगी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कस्बे में अतिक्रमण हटाने और जो अवैध चबूतरे बने हुए हैं उन्हें हटाने की कार्रवाई जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए। मेले के दौरान मोबाइल नेटवर्क की समस्या रहती है। ऐसे में दो अतिरिक्त टावर लगाया जाए। मेले में तैनात अधिकारियों को 30 वायरलैस सेट मुहैया करवाने को कहा है। खाटू कस्बे में धर्मशाला में फायर सिस्टम रहना आवश्यक है। बिजली, पानी और सड़क से जुड़े विभाग जल्द से जल्द समस्याओं को दूर करें जिससे कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। यह सुनिश्चित किया जाए कि 8 बजे बाद शराब ठेके बंद रहे।

### वाहन पार्किंग की यह रहेगी व्यवस्था

हर बार की तरह इस बार भी खाटू में आने वाले वाहनों की एंट्री मंडा मोड होते हुए होगी, जहां से उन्हें 52 बीघा पार्किंग की तरफ भेजा जाएगा, जहां पार्किंग की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। वहीं वाहनों की निकासी शाहपुरा के रास्ते होगी। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि जयपुर से आने वाले अन्य रूट रेनवाल-पचार मार्ग को भी जल्द से जल्द ठीक किया जाए। मेले में बिना अनुमति के कोई भी भंडारा न लगाया जाए और भंडारों के स्थान का रिव्यू किया जाए। भंडारे लगाने वाले लोग कचरा एकत्रित करने के लिए एक निश्चित जगह रखें। वहीं मेले में इस बार चेहरे पर स्टीकर बनाने वाले, भिक्षावृति करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। श्याम कुंड परिसर की तरफ लगने वाले भंडारे की जगह का भी रिव्यू किया जाएगा।

पत्नी की हत्या के बाद आरोपी ने घास के बीच खुद को लगाई आग

# मोबाइल से प्यार, पति को गुजरा नागवार... कुल्हाड़ी से काटा सिर

**बेधड़क** | बांसवाड़ा

आज लोग जिस तरह से सोशल मीडिया के आदी हो रहे हैं, उससे लोगों के वैवाहिक जीवन में दरारें पड़ने लगी हैं। शहर और गांव में भी कई हंसते-खेलते परिवार सोशल मीडिया के कारण टूटने के कगार पर पहुंच चुके हैं। अब तो सोशल साइट की वजह से पति-पत्नी के रिश्ते बिगड़ने लगे हैं। ऐसा ही मामला बांसवाड़ा जिले में सामने आया है।

यहां एक पत्नी के अधिकांश समय फोन पर बिताने से नाराज पति ने उसकी हत्या कर दी। रात में गहरी नींद में सो रही पत्नी के सिर पर पति ने कुल्हाड़ी से एक के बाद एक लगातार 3 वार किए। अचानक हुए हमले को देखकर पत्नी चीखी तो पास सो रहा उसका पांच वर्ष का बेटा उठ गया और जोर-जोर से रोने लगा।

पत्नी पर हमला कर पति घर से बाहर चिल्लाता हुआ भागा और घर के पास 50 मीटर दूर घास के बाड़े में कूद कर खुद को आग लगा ली। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग जाग गए और दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां पत्नी की मौत हो गई। वहीं पति झुलसने से बर्न वार्ड में भर्ती है। यह घटना बांसवाड़ा जिले के दानपुर थाना इलाके का सोमवार रात 3 बजे की है।



### मां की चीख-पुकार सुन जागा मासूम

थानाधिकारी ने बताया कि घटना के दौरान आरोपी का 5 साल मासूम बेटा मां की चीख-पुकार सुनकर जाग गया और जोर से रोने लगा। इसी बीच राजू घर से बाहर चिल्लाता हुआ भागा और घर के पास 50 मीटर दूर घास के बाड़े में कूद कर खुद को आग लगा ली। आग से राजू के पैर जलने लगे तो वह चीखने-चिल्लाने लगा। राजू की आवाज सुनकर आस-पास के लोग जाग गए। राजू ने चिल्लाते हुए पत्नी पर हमला करने की बात बताई। इसके बाद वहां मौजूद लोग दोनों को इलाज के लिए छोटी सरवन अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से दोनों को बांसवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसमें पत्नी वाणी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं राजू का बर्न वार्ड में इलाज जारी है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हमले में उपयोग ली गई कुल्हाड़ी को जब्त कर लिया है। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। हालात सामान्य होने पर पुलिस राजू के बयान लेगी।

### रात 3 बजे उठा और कर दिया हमला

दानपुर थानाधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि यह घटना देर रात 3 बजे की है। पुनिया खेड़ी निवासी राजू (45) अपनी पत्नी वाणी (40) और पांच साल के बेटे के साथ रहता है। राजू की पत्नी वाणी अक्सर फोन में बिजी रहती थी। सोमवार को दोनों पति-पत्नी के बीच फोन चलाने की बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों पति-पत्नी और 5 साल का बेटा सो गए। इसी बीच रात 3 बजे राजू उठा और पास में सो रही पत्नी वाणी के सिर पर कुल्हाड़ी से 2 वार कर सिर काट दिया। तीसरा वार वाणी के हाथ पर किया, जिससे वह गंभीर घायल हो गई।

समारोह में शेखावत पर कसे थे तंज

# विधायक बाबूसिंह के तानों से आहत सांसद ने गिनाए विकास कार्य

**बेधड़क** | जोधपुर

शेरगढ विधायक बाबूसिंह राठौड़ ने सोमवार को केंद्रीय जलशक्ति मंत्री एवं जोधपुर सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए थे। इसे गंभीरता से लेते हुए शेखावत ने शेरगढ विधानसभा क्षेत्र में विगत अपने दोनों कार्यकाल में अब तक किए गए कामों का लेखा-जोखा जारी किया है।

सोशल मीडिया पर शेखावत ने पंचायत समिति शेरगढ में 10 सालों से अपने सांसद कोष से तीन करोड़ 18 लाख रुपए की राशि से करवाए गए कामों का विवरण जारी किया है। माना जा रहा है कि बाबूसिंह राठौड़ ने सोमवार को जो ताने सुनाए थे, उसका यह जवाब है। शेखावत द्वारा यह विवरण जारी करने के बाद भी उस पर बतौर कमेंट लोगों ने सकारात्मक प्रतिक्रियाएं नहीं दी, लेकिन शेखावत के कामों का विवरण जारी करने से यह साफ हो गया कि वे बाबूसिंह के तंज से काफी आहत हैं। गौरतलब है कि सोमवार को देवराज राठौड़ जयंती समारोह में गजेंद्र सिंह शेखावत के वहां से जाने के बाद बाबूसिंह राठौड़ ने अपने संबोधन में शेखावत को लेकर कई बातें कही। लोगों को यह बताने का प्रयास किया कि वे सिर्फ बातें करते हैं, काम नहीं करते। इसको लेकर उन्होंने सैनिक स्कूल, अस्पताल व केंद्रीय विद्यालय को लेकर उदाहरण भी दिया। साथ में यह भी कहा था कि इस बार हमें सघर्ष करना होगा। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि बाबू सिंह लोकसभा चुनाव के लिए दावेदारी कर सकते हैं।



### बढ़ती जा रही दोनों की अदावत

विधायक बाबूसिंह राठौड़ और केंद्रीय मंत्री शेखावत के बीच राजनीतिक अदावत लंबी होती जा रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव के बाद जब पंचायत के चुनाव हुए तो राठौड़ और शेखावत के बीच खटास सामने आई थी। प्रत्याशियों के टिकट और चयन को लेकर राठौड ने जमकर वार किया था। इसके बाद लगातार राठौड़ हमलावर बने रहे। विधायक चुनने के बाद राठौड़ ने पहले सामाजिक समारोह में शेखावत पर बड़ा हमला बोला था।

कार्यकर्ताओं से चर्चा के लिए पहुंची थी डिप्टी सीएम दीया

# बैठक से नाराज होकर निकलीं भदेल

**बेधड़क** | अजमेर

जिले में भाजपा की लोकसभा चुनाव को लेकर हो रही बैठक से अजमेर दक्षिण विधायक व पूर्व मंत्री अनिता भदेल नाराज होकर निकल आईं। इस दौरान डिप्टी सीएम दीया कुमारी और भाजपा नेताओं ने उन्हें रोकने की कोशिश भी की, लेकिन वो नहीं मानी।

भदेल यह कहते हुए वहां से निकल गईं कि अब संगठन से बात करूंगी। भाजपा कार्यालय में मंगलवार को अजमेर लोकसभा क्षेत्र की तैयारियों को लेकर दोपहर 2 बजे बैठक हुई। इसमें प्रभारी दीया कुमारी भी मौजूद थीं। दरअसल लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक में 4 विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बुलाया गया था। सभी अपना परिचय दे रहे थे। तभी जिला उपाध्यक्ष घीसू गढ़वाल को देखकर अनिता भदेल गुस्सा हो गईं। विधायक ने मंच पर बैठे प्रभारी भिरम सिंह से कहा कि जब उत्तर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी से बगावत करने वालों पर कार्रवाई हो गई तो फिर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में बगावत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई? अगर हराने वाले ही बैठक में मौजूद रहेंगे तो मेरा क्या काम है.. यह कहते हुए पूर्व मंत्री भदेल डिप्टी सीएम के कान में कुछ कहते हुए सभा कक्ष से बाहर आ गईं। पीछे से उन्हें रोकने के लिए भाजपा नेता शत्रुघ्न गौतम ने आवाज भी लगाई, लेकिन वो रुकी नहीं। मीडियाकर्मियों ने उनसे नाराजगी का कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि मैं अपनी बात संगठन स्तर पर रखूंगी। माना जा रहा है कि नाराजगी का कारण चुनाव में अनिता बघेल का विरोध है। इसके अलावा भदेल की मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलना भी नाराजगी का कारण हो सकता है।



महिला टीचर के निलबंन का ग्रामीणों ने जताया विरोध

# स्कूल पर जड़ा ताला, पुलिस ने बरसाई लाठियां

**बेधड़क** | बारां

जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के लकड़ाई स्थित रेकी स्कूल से महिला टीचर के निलंबन के विरोध में स्कूल गेट पर ताला लगा दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कई स्टूडेंट्स को स्कूल में अंदर प्रवेश नहीं करने दिया।

प्रदर्शनकारियों से समझाइश कर रही पुलिस पर पथराव करते हुए धक्का-मुक्की भी कर दी। इस दौरान पुलिस ने स्थिति को काबू करने के लिए लाठियां बरसाकर भीड़ को भगाया। गौरतलब है कि गणतंत्र दिवस पर मां सरस्वती की तस्वीर नहीं लगाने पर टीचर और ग्रामीणों में जमकर कहासुनी हुई थी। मामले के तूल पकड़ने पर शिक्षा विभाग ने मामले की जांच करवाई। इसके बाद शिक्षा मंत्री के निर्देश पर प्रबोधक टीचर हेमलता बैरवा को निलंबित कर दिया था। टीचर के निलंबन को निरस्त करने की मांग को लेकर कुछ समर्थकों ने मंगलवार को लकड़ाई स्कूल पहुंचकर गेट पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सूचना मिलने पर नाहरगढ़ और भंवरगढ़ थाने से पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रदर्शनकारियों ने कई स्टूडेंट्स को भी प्रवेश नहीं दिया। जिससे नाराज कुछ बच्चों के पेरेंट्स भी मौके पर पहुंच गए, जो पुलिस से बच्चों को अंदर प्रवेश दिलाने की मांग करने लगे। इस दौरान टकराव की स्थिति पैदा ना हो।

इसके लिए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से समझाइश की। तभी प्रदर्शनकारियों में से कुछ लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। पुलिस के साथ भी अभद्रता करते हुए धक्का मुक्की कर दी। कुछ लोग पुलिस की तरफ लाठी डंडे लेकर दौड़े तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को भगाया। मामले को लेकर लकड़ाई स्कूल के संस्था प्रधान की ओर से नाहरगढ़ थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।



सांइस सेंटर व डिजिटल प्लेनेटोरियम के उद्घाटन में बोले वन मंत्री

# मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में महाराष्ट्र से लाया जाएगा बाघों का जोड़ा

**बेधड़क** | कोटा

मुकंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में अब बाघों की अटखेलियां और बढ़ेगी। यहां महाराष्ट्र से बाघ-बाघिन का जोड़ा लाया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश के वन मंत्री संजय शर्मा ने दी। वे मंगलवार को कोटा सिटी पार्क में साइंस सेंटर और प्रदेश के पहले डिजिटल प्लेनेटोरियम के शिलान्यास समारोह में शामिल होने आए थे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद संजय शर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व को और आबाद किया जाएगा। इसके लिए महाराष्ट्र से बाघ और बाघिन का जोड़ा लाने की प्रक्रिया की जा रही है। इसके लिए लोकसभा स्पीकर ने भी महाराष्ट्र के वन मंत्री से बात की है। मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में मौजूद दो शावकों को जल्द ही मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में छोड़ा जाएगा। उन्हें पूरी तरह से वाइल्ड ही रखा गया है। वह पूरी तरह से फिट हैं और जंगल में खुला विचरण के लिए ही उन्हें छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि करीब ढाई साल में यह साइंस सेंटर बनकर तैयार हो जाएगा। इस साइंस सेंटर में मॉडल्स और एक्सपेरिमेंट से खगोलीय घटनाओं को समझेंगे। डिजिटल प्लेनेटोरियम के शिलान्यास के बीच स्पीकर ओम बिरला ने एक इनोवेशन सेंटर बनावाने के लिए भी वन मंत्री संजय शर्मा कहा। इस पर मंत्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित कर दिया कि यहां पर इनोवेशन सेंटर भी तैयार करवाया जाए, ताकि जो भी बच्चे साइंस सेंटर या डिजिटल प्लेनेटोरियम को देखने के लिए पहुंचेंगे उन्हें इनोवेशन सेंटर भी देखने को मिलेगा।




### वनभूमि पर बसी कॉलोनियां का होगा नियमन

वन मंत्री ने कहा कि वन विभाग की जमीनों पर वर्षों से अतिक्रमण हो रहे हैं। कई जगह पर 40 सालों से अतिक्रमण हो रहे हैं। उन जगहों पर सड़कें बन गई हैं, कॉलोनियां पूरी तरह से बस गई हैं और आबादी सघन हो गई है। ऐसे में हम उनके नियमन की बात भी राज्य सरकार से कर रहे हैं। ऐसे में वन के लिए दूसरी जगह पर भूमि आवंटित करने की बात की जा रही है, लेकिन वर्तमान में जहां भी वन है और अतिक्रमण के प्रयास किया जा रहे हैं, उसे हम दूर कर रहे हैं। मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि आंवली रोजड़ी इलाके में वन विभाग की बाउंड्री गायब होने की शिकायत उन्हें मिली है। जांच करवाएंगे कि कौन इसके लिए दोषी है। अगर वन अधिकारी भी दोषी होंगे तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। अभेड़ा महल बायोलॉजिकल पार्क के दूसरे चरण के संबंध में उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी जाएगी।

### 3D से कर सकेंगे खगोलीय घटना का अवलोकन

होटल कंट्री इन के नजदीक वाले एरिया में 5 एकड़ जमीन पर करीब 35 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश का पहला डिजिटल प्लेनेटोरियम बनेगा। इसमें विद्यार्थी 3डी रूप में खगोलीय घटनाओं और तारामंडल को ठीक से समझ सकेंगे। राज्य सरकार 20 करोड़ व केंद्र सरकार 15 करोड़ दे रही है। इसके तहत कई साइंस गैलरीज बनाई जाएंगी। नेचुरल रिसोर्सेज, माउंटेन, एनवायरनमेंट सहित कई गैलरीज यहां होंगी। इसके अलावा फन साइंस गैलरीज भी यहां पर होंगी। इसमें फिजिक्स, जूलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स के मॉडल रहेंगे। साइंस सेंटर में 100 मॉडल इनडोर व आउटडोर में रहेंगे। इस कार्यक्रम में विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी कोटा साइंस सेंटर के इंचार्ज प्रतिभा श्रृंगी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### RBSE प्रशासक शर्मा ने ली बोर्ड परीक्षा उड़नदस्ता संयोजकों की बैठक

# परीक्षा में सरकार की आंख, नाक एवं कान बनकर काम करें उड़नदस्ते

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रशासक एवं संभागीय आयुक्त महेशचन्द्र शर्मा ने कहा कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं की पवित्रता बनाए रखना सबसे अहम है। परीक्षाओं में नकल रोकना एवं निष्पक्षता बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है।

आगामी दिनों में 19 लाख 39 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी सैकण्डरी व सीनियर सैकण्डरी स्तर की परीक्षा देंगे। उड़न दस्ता संयोजक राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की आंख, नाक एवं कान बन कर काम करें।

बोर्ड प्रशासक महेशचन्द्र शर्मा एवं सचिव मेघना चौधरी ने मंगलवार को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सभागार में राज्य के विभिन्न जिलों से आए उड़न दस्ता संयोजकों को सम्बोधित किया। प्रशासक शर्मा ने कहा कि किसी भी परीक्षा की विश्वसनीयता उसके पारदर्शितापूर्ण, निष्पक्ष और सटीक मूल्यांकन पर निर्भर करती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश



दिए कि उड़नदस्तों में विवादित और सिफारिशी व्यक्तियों को कदापि शामिल न करे।

उन्होंने कहा कि उड़नदस्ते जिले के अंदरूनी और दूरदराज के हिस्सों में स्थित परीक्षा केन्द्रों का विशेष रूप से निरीक्षण करें। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों का सघन और सतत् निरीक्षण किया जाए।

राजस्थान बोर्ड की परीक्षाओं की दशकों से राष्ट्रव्यापी विश्वसनीयता है। यह ख्याति बरकरार रहे।

#### 6144 केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं

बोर्ड सचिव मेघना चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार भी बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए कटिबद्ध है। जयपुर में हुई राज्य उच्चाधिकार प्राप्त परीक्षा समिति की बैठक में शिक्षामंत्री ने भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। एकल और नोडल परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बोर्ड परीक्षाओं के लिए इस वर्ष 6144 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केन्द्रों पर 19 39 645 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इनमें सैकण्डरी में 10 62 341, सीनियर सैकण्डरी में 8 66 270, प्रवेशिका में 7063 और वरिष्ठ उपाध्याय में 3671 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बैठक को विशेषाधिकारी नीतू यादव एवं वित्तीय सलाहकार-रश्मि बिस्सा सहित अन्य अधिकारियों ने सम्बोधित किया।

## Yuva स्टोरीज



## मेधावी विद्यार्थियों को मिले पुरस्कार

**दौसा।** भाजपा नेता एडवोकेट रविन्द्र मीना ने मंगलवार को स्थानीय पीजी कॉलेज के पास विनायक साइंस इंस्टिट्यूट में वार्षिक उत्सव समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया। इस दौरान आयोजकों ने रविन्द्र मीना का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। समारोह में शामिल विद्यार्थियों और गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए मीना ने कहा कि शिक्षा से ही समाज की तरक्की हो सकती है। शिक्षित युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभानी चाहिए। मीना ने विद्यार्थियों से एकाग्रता से अपने अध्ययन में जुटने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान अशोक कुमार शर्मा खेड़ला ने 10 से अधिक तरह की आवाज निकालकर छात्र-छात्राओं का मनोरंजन किया। इस अवसर पर बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में करीब एक हजार मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान संस्थान डायरेक्टर पंकज शर्मा, डायरेक्टर अनिल शर्मा, सियाराम, सुभाष शर्मा, रामप्रकाश शर्मा, जितेंद्र कुमार शर्मा, कार्यकर्ता कुलदीप कांसला, बबलू मीना, एडवोकेट सुमंत कुमार मीना, देवेन्द्र खटाना, बलराम मीना, केदार गुर्जर, गोविन्द गुर्जर, यतेंद्र मीना, गौरव मीना, रिंकू मीना सहित विभिन्न लोग मौजूद थे।

## जिले के युवा समझेंगे संसद की कार्यप्रणाली

**जयपुर।** नेहरू युवा केंद्र संगठन के तत्वाधान में जयपुर जिले के लगभग आठ सौ युवा बुधवार को आयोजित मॉक यूथ पार्लियामेंट में संसदीय कार्यप्रणाली से अवगत होंगे। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी जिला स्तरीय युवा संसद का उद्घाटन करेंगे। संगठन के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा, नेहरू युवा केन्द्र संगठन के राज्य निदेशक महेन्द्र सिंह सिसोदिया व भाजपा नेता सुरेश मिश्रा रहेंगे। इस कार्यक्रम में जयपुर जिले के सभी ब्लॉकों से लगभग 800 युवा भाग लेंगे। उद्घाटन समारोह के पश्चात मॉक यूथ पार्लियामेंट के रूप में युवा पक्ष और विपक्ष की भूमिका में अपनी-अपनी बात रखेंगे। इस कार्यक्रम से युवाओं को संसदीय प्रक्रिया की प्रत्यक्ष जानकारी मिलेगी। इसके बाद नारी शक्ति एवं मिलेट्स पर विषय विशेषज्ञों द्वारा वार्ता कर युवाओं को संदेश देंगे। मॉक यूथ पार्लियामेंट के अंतर्गत युवा वास्तविक संसद जैसा सेटअप तैयार कर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, नारी सशक्तिकरण, संस्कृति एवं अवसंरचना जैसे स्थानीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके माध्यम से शासन-प्रशासन भी जान पाएंगे की युवा इन महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में क्या विचार रखते हैं व इसमें सदन के अध्यक्ष, प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, विपक्ष और सांसदों की क्या भूमिका होती है, इससे भी अवगत होंगे ।



## RU में एसबीआई की शाखा का उद्घाटन

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय के नजदीक मंगलवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की नई ब्रांच का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार अवधेश सिंह भी उपस्थित थे। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार मिश्रा एवं संदीप भटनागर सहित बैंक से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों ने कुलपति का स्वागत किया। साथ ही बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। गौरतलब है कि कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा के निर्देशों के बाद लगभग एक दशक से अनुपयोगी पड़े इस भवन में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा खुलने से विश्वविद्यालय समुदाय को राष्ट्रीयकृत बैंक की सुविधा तो मिलना प्रारंभ होगी ही, साथ ही इससे विश्वविद्यालय को अतिरिक्त आय भी प्राप्त होना प्रारंभ हो जाएगी।

### वीजीयू में नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता

# समय पर नहीं मिलने का मतलब है न्याय नहीं मिला



**बेधड़क** | जयपुर

विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी एवं रांका पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में तीसरी वीजीयू रांका नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता में देशभर से आए लॉ स्टूडेंट्स ने अपनी स्किल्स का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अथिति के रूप में राजस्थान उच्च न्यायालय के जस्टिस अनूप कुमार ढंड व जस्टिस अशोक कुमार जैन शामिल हुए। पूर्व न्यायाधीश जेके रांका सहित विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन ललित के पंवार और वाइस चेयरपर्सन डॉ. केआर बगड़िया व सीईओ ओंकार बगड़िया ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

प्रतियोगिता की विजेता पंजाब यूनिवर्सिटी टीम रही, वहीं रनर अप पुरस्कार गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी तथा बेस्ट मेमोरियल और बेस्ट रिसर्चर का अवॉर्ड यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, पंजाब यूनिवर्सिटी को दिया गया। बेस्ट स्पीकर का पुरस्कार रामनारायण कॉलेज ऑफ लॉ को दिया गया। मुख्य अतिथि न्यायाधीश अशोक जैन ने कहा कि सफलता कोई शॉर्ट कट नहीं होता है।

निश्चित सफलता के लिए जरूरी है कि हम लगन और ईमानदारी के साथ स्मार्ट तरीके से तैयारी करें।

उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में पीडितों को समय पर न्याय नहीं मिलने का अर्थ न्याय से वंचित करना है। आज कोर्ट में लंबित मामले बढ़ते जा रहे हैं। कई बार सामान्य घटना पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर लेती है और इससे न्यायालय मामलों की संख्या बढ़ रही है जबकि उसका निपटारा बगैर पुलिस एफआईआर और कोर्ट केस के भी हो सकता है।

उन्होंने कहा कि देश की न्याय व्यवस्था में सुधार में वकीलों को अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभानी होगी।

केवल पैसा कमाना वकीलों का प्रोफेशन नहीं हो, समाज और न्याय व्यवस्था के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

#### लीगल प्रोफेशन युवाओं के हाथ में सुरक्षित

न्यायाधीश अनूप कुमार ढंड ने कहा कि बीजीयू में मूट कोर्ट के आयोजन के फाइनल राउंड में मुझे जज के रूप में प्रतिभागियों को परखने का मौका मिला और जिस तरह प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और नॉलेज को बखूबी प्रस्तुत किया उससे मैं उम्मीद कर सकता हूं कि देश का लीगल प्रोफेशन युवा हाथों में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि मूट कोर्ट से बेहतर लॉ के विद्यार्थियों के लिए कानूनी शिक्षा के व्यावहारिक प्रशिक्षण का शायद ही कोई और मंच हो। पूर्व न्यायाधीश एलसी लादू ने कहा कि निरंतर प्रयास और कठिन परिश्रम से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि भावी अधिवक्ता किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक और नवाचार, लीगल दक्षता और शोध के द्वारा देश की न्याय व्यवस्था के सुधार में अपना योगदान दें।

#### पीड़ित को न्याय दिलाने को कर्तव्य समझें

यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. ललित के. पंवार ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कानूनविदों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन में वीजीयू ने लगातार तीसरे साल मूट कोर्ट आयोजित की है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वीजीयू मूट कोर्ट प्रतियोगिता न केवल भारत, बल्कि विश्व के टॉप मूट कोर्ट में शुमार होनी चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ. के आर बगड़िया ने कहा कि लीगल प्रोफेशन में हर रोज सीखने का दिन होता है। जज हो या वकील सभी को अपनी प्रतिष्ठा और ईमानदारी से पीड़ित को समय पर न्याय दिलाने का काम करना चाहिए। सीईओ ओंकार बगड़िया ने कहा कि विश्वविद्यालय में हर साल नियमित आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विधि के विद्यार्थियों को न्यायालय की कार्यवाही से रूबरू कराना है ताकि उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान के साथ कानूनों के विभिन्न पहलुओं की बारीकियों और व्यावहारिक पक्षों का पूर्ण ज्ञान हो। पूर्व न्यायाधीश जस्टिस जे के रांका ने कहा कि कानूनी शिक्षा में मूट कोर्ट प्रशिक्षण का आवश्यक हिस्सा है। उन्होंने मूट कोर्ट प्रतियोगिता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

## डॉ. सुनीता महावर के आविष्कार को पेटेंट

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान विश्वविद्यालय फिजिक्स डिपार्टमेंट की असि. प्रोफेसर डॉ. सुनीता महावर को सहयोगी शोधकर्ताओं के साथ सोलर कन्सन्ट्रेटर का आविष्कार करने पर भारत सरकार के पेटेन्ट कार्यालय ने पेटेन्ट अधिनियम 1970 के उपबन्धों के तहत पेटेन्ट प्रमाण पत्र जारी किया है। डॉ. सुनीता महावर ने सहयोगियों डॉ. मोहम्मद साकिब खान व अंकित गोयल के साथ यह आविष्कार भारत सरकार के साइंस एवं टैक्नोलॉजी मत्रांलय द्वारा उन्हें स्वीकृत किए गए मेजर प्रोजेक्ट के तहत किया है। उनका यह अभिनव रूप से किया गया आविष्कार सोलर थर्मल एप्लीकेशन में सोलर रेडिएशन को एकत्रित करने का कार्य करेगा। राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने डॉ. सुनीता महावर व साथी शोधकर्ताओं को इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## पांच दिन चलेगा मैनेजमेंट का 'उत्कर्ष'

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के आरए पोद्दार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में पांच दिवसीय मैनेजमेंट फेस्ट 'उत्कर्ष' मंगलवार को शुरू हुआ। फेस्ट के दौरान बिजनेस एक्टिविटीज पर आधारित कार्यक्रम मार्क माय ब्रांड, द ग्रेट फ्लिप, कॉर्पोरेट रोडीज, फिफ्टी का फंडा व नो बजट ब्लॉकबस्टर आदि आयोजित किए जाएंगे। इनके साथ ही डांस, सिंगिंग व आर्ट से जुड़ी अन्य प्रस्तुतियों के कार्यक्रम भीा आयोजित होंगे। फेस्ट के उद्घाटन सत्र में एलआईसी हॉउसिंग फाईनेंस लि. के राजस्थान प्रमुख दीपक झालानी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा राजस्थान उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डॉ. अखिल शुक्ला विशिष्ट अतिथि थे। संस्थान निदेशक डॉ. शिखा नैनावत ने बताया कि लगभग छह मैनेजमेंट कॉलेजों के विद्यार्थी इस फेस्ट के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। पहले दिन मार्क माय ब्रांड व द ग्रेट फ्लिप में आरए पोद्दार प्रबंध संस्थान के रिया जैसवानी एवं युगांधर शर्मा व समृद्धि केडिया विजेता रही।

## अवधेश सिंह ने संभाला रजिस्ट्रार का कार्यभार

**जयपुर**। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अवधेश सिंह ने मंगलवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पद पर कार्यभार संभाल लिया है। रजिस्ट्रार का पदभार संभालने के अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न संगठनो से जुड़े पदाधिकारियों के साथ ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।



### आयोजन | राजस्थान विज्ञान महोत्सव-2024 में विभिन्न आयोजन

# कल के होनहार वैज्ञानिकों ने दिखाई अपने हुनर की झलक

**बेधड़क** | जयपुर

तीन दिवसीय राजस्थान विज्ञान महोत्सव-2024 के दूसरे दिन मंगलवार को राजस्थान विश्वविद्यालय में 'युवा वैज्ञानिक सम्मेलन तथा वैज्ञानिका' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा व विशिष्ट अतिथि विख्यात वैज्ञानिक आईएनएसए नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. आशुतोष शर्मा थे। शिक्षाविद प्रो. राघव प्रकाश व डीएसटी राजस्थान से प्रियंका यादव ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने की। कार्यक्रम के संयोजक प्रो.




एसएन डोलिया थे। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा विज्ञान भारती के संगठन सचिव डॉ. मेघेन्द्र शर्मा के निर्देशन में तैयार की गई।

इस कार्यक्रम में 300 से अधिक युवा वैज्ञानिकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने पोस्टर के माध्यम से अपने शोध पत्रों का प्रदर्शन किया तथा विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को कविता के माध्यम से सरस एवं सलिल भाषा में प्रस्तुत किया। डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने युवा वैज्ञानिकों का आह्वान करते हुए कहा कि आपको प्रधानमंत्री के विज्ञान विजन को आगे बढ़ाते हुए स्वदेशी विज्ञान के विकास के लिए पुरजोर प्रयास करने चाहिएं। प्रो. आशुतोष शर्मा ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 पर अपने विचार व्यक्त किए।

प्रो. अल्पना कटेजा ने पधारे हुए अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। यह कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार, विज्ञान भारती, राजस्थान, CSIR, CEERI पिलानी तथा राजस्थान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. नरेन्द्र जाखड़ एवं डॉ. अमित शर्मा ने किया।

#### वैश्विक ढांचे का मजबूत स्तंभ हैं वैज्ञानिक

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के ओर से साइंस पार्क में राजस्थान विज्ञान महोत्सव के अवसर पर साइंस पार्क में तीन दिवसीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने साइंस एग्जीबिशन का उद्घाटन किया। उन्होंने स्टूडेंट्स से बातचीत कर उनके प्रोजेक्ट्स को समझा और अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान विज्ञान का सदुपयोग करने में है। युवा अपने नॉलेज और विज्ञान से राजस्थान को अग्रणी बनाएं। भारत के वैज्ञानिक नई तकनीक और आविष्कारों का उपयोग दुनिया की भलाई के लिए कर रहे हैं। वैश्विक तकनीकी ढांचे का मजबूत आधार स्तंभ भारतीय युवा वैज्ञानिक हैं। कार्यक्रम में आरटीयू कोटा के वीसी प्रो. एसके सिंह, बीएसआईपी लखनऊ के डायरेक्टर डॉ. एमजी ठक्कर, एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ के डायरेक्टर बीआर गुर्जर, आईजीपी लॉ एंड ऑर्डर अनिल कुमार टांक, विज्ञान विभाग की मुख्य लेखाधिकारी प्रियंका यादव भी मौजूद रहे।

# बादल दल सा निकल चला ये दल मतवाला रे



जाहिद खान
स्वतंत्र टिप्पणीकार



**गीतकार पं. नरेन्द्र शर्मा की जयंती पर विशेष**

*पं. नरेन्द्र शर्मा, भारतीय जन नाट्य संघ यानी इप्टा से भी जुड़े रहे। साल 1982 में देश में हुए एशियन गेम का थीम सांग, 'अथ स्वागतम, शुभ स्वागतम/आनंद मंगल मंगलम/नित प्रियं भारत भारतम।' उन्हीं का लिखा हुआ है। गीतकार नरेन्द्र शर्मा का एक महत्वपूर्ण योगदान आकाशवाणी के विविध रंगी कार्यक्रम 'विविध भारती' की परिकल्पना और नामकरण था।*

वे हिंदी की आन-बान और शान थे। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। कवि-गीतकार, लेखक, अनुवादक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और प्रशासक अपने जीवन में पंडित नरेन्द्र शर्मा को जो भी भूमिका मिली, उन्होंने उसके साथ पूरा न्याय किया। हिंदी साहित्य में प्रगतिवाद के वे प्रारंभिक कवियों में से एक थे। साल 1942 में 'भारत छोड़ो आंदोलन' में उन्होंने शिरकत की, तो अपने गीतों के माध्यम से उन्होंने देशवासियों में स्वतंत्रता की चेतना जागृत करने का महत्वपूर्ण काम किया। पं. नरेन्द्र शर्मा के गीतों का विस्तृत अध्ययन करें, तो उनमें रागात्मक संवेदना और सामाजिक यथार्थवाद स्पष्ट दिखलाई देता है। एक नई आशा और विश्वास उनके गीतों का स्थायी भाव है। नरेन्द्र शर्मा के गीतों में प्रकृति और मानवीय सौन्दर्य है, तो विरह और मिलन की सघन अनुभूतियां भी हैं। संस्कृत, हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी भाषाओं पर उनकी गहरी पकड़ थी। यही नहीं मराठी, बंगाली, गुजराती आदि भाषाओं की भी उन्हें अच्छी जानकारी थी। ज्योतिष विद्या और आयुर्वेद का उन्हें अच्छा ज्ञान था। अपने नाम के आगे लगे पंडित को वे पूरी तरह से चरितार्थ करते थे। उनका पांडित्य ओढ़ा हुआ नहीं था। पं. नरेन्द्र शर्मा की विद्वता उनके कामों से झलकती थी।

साल 1931 में पंडित नरेंद्र शर्मा की पहली कविता 'चांद' में छपी। साल 1934 तक आते-आते, इक्कीस साल की उम्र में उनका पहला कविता संग्रह 'शूल-फूल' आ गया। नरेन्द्र शर्मा की नौजवानी का दौर, देश की आजादी के संघर्षों का दौर था। वे भी इस आंदोलन में अपने लेखन से हिस्सेदारी कर रहे थे। वामपंथी संगठनों के संपर्क में आने के बाद, नरेन्द्र शर्मा की कविताओं में और भी ज्यादा आक्रमकता आई। 'अग्नि शस्य', 'पलाश वन' आदि कविता संग्रह में संकलित उनकी कविताओं में मार्क्सवादी दर्शन और विचारधारा का खुलकर इजहार किया गया है। मिसाल के तौर पर अपनी कविता 'स्वर्ण शस्य' में वे कहते हैं, 'दो तत्व विरोधी मिले/जीवन गति, निद्रा गई छीज!/गतिमय जीवन का जन्म/आदि में तम-प्रकाश का रति रहस्य।' उनकी कविताओं में भाषायी सौंदर्य और यथार्थ का चित्रण एक साथ मिलता है। किसान, कामगार और हाशिए से नीचे के समाज का संघर्ष उनकी कविताओं, गीतों में बार-बार आता है। 'योद्धा को तलवार श्रमिकों को मिलती छैनी/कृषकों को हल, कवि को मिली लेखनी पैनी/कहीं शस्ययुत क्षेत्र, कहीं उद्ग्रीव गान है/हम किसान हैं।'

साल 1938 से लेकर 1940 तक पंडित नरेन्द्र शर्मा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, स्वराज्य भवन में हिंदी अधिकारी रहे। यहां उनका काम महात्मा गांधी के भाषण और दीगर महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद करना था। कुछ दिन उन्होंने काशी विद्यापीठ में अध्यापन का कार्य किया। काशी विद्यापीठ में ही थे कि साल 1940 में ब्रिटिश सरकार ने सरकार विरोधी गतिविधियों के इल्जाम में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। साल 1943 तक वे जेल में रहे। पंडित नरेन्द्र शर्मा बनारस, आगरा और देवली के कारागारों में कांग्रेसी एवं कम्युनिस्ट लीडरों शचीन्द्रनाथ सान्याल, सोहनसिंह जोश, जयप्रकाश नारायण और सम्पूर्णानंद आदि के साथ नज़रबंद रहे। साल 1939 में आई 'प्रवासी के गीत' वह किताब थी, जिसने हिंदी साहित्य में नरेन्द्र शर्मा को स्थापित कर दिया। 'प्रवासी के गीत' न सिर्फ आम पाठकों को पसंद आए, बल्कि आलोचकों ने भी भी इसे मुक्त कंठ से सराहा। इस संग्रह में हिन्दी काव्य जगत के श्रेष्ठ प्रेम गीत मौजूद हैं। 'आज के बिछुड़े न जाने कब मिलेंगे?/आज से दो प्रेम योगी, अब वियोगी ही रहेंगे।' लय व छंद में बंधे इन सुमधुर गीतों का कोई जवाब नहीं। नरेन्द्र शर्मा ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद, सरमाएदारी और सामंतवाद के ख़िलाफ़ ज़मकर लिखा। उनकी प्रतिबद्धता किसानों और कामगारों के प्रति थी। श्रमजीवियों को वे नायक मानते थे और यह भी जानते थे कि यही वर्ग देश में क्रांति करेगा। 'खलिहान खेत में खड़ा हुआ वह नया कृषक/बिजली का खंभा गाड़ रहा जो बिना हिचक!/अभिमंत्रित मंत्र-शक्ति से अब तू भी न झिझक/विद्युत के अश्वारोही का कर अभिनन्दन!/युग बदला, देता तुझे चुनौती युग-जीवन!' (कविता 'युग बदला')

देवली कैंप से रिहा होने के बाद पंडित नरेन्द्र शर्मा साल 1943 में बंबई पहुंच गए। साहित्यकार भगवती चरण वर्मा 'बॉम्बे टॉकीज' से जुड़े हुए थे। उन्होंने ही नरेन्द्र शर्मा को 'बॉम्बे टॉकीज' के मालिक हिमांशु राय और देविका रानी से मिलवाया। गीतकार के तौर पर उनको पहली फिल्म 'हमारी बात' मिली।

साल 1943 में आई इस फिल्म में नौ गीत थे और सभी नरेन्द्र शर्मा ने ही लिखे। इस फिल्म का अनिल विश्वास और पारुल घोष द्वारा गाया गीत 'बादल दल सा निकल चला ये दल मतवाला रे' खूब लोकप्रिय हुआ। वे जब साठ वर्ष के हुए, तो मुंबई में उनके ऊपर एक बड़ा कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में नरेन्द्र शर्मा के समकालीन डा. हरिवंश राय बच्चन ने उनकी कविता के बारे में जो कहा, वह हिंदी साहित्य में नरेन्द्र शर्मा के योगदान को दर्शाता है। 'इन चालीस वर्षों में हमारी हिन्दी कविता जितने सोपानों से होकर निकली है, पंडित नरेन्द्र शर्मा उन सब पर बराबर पांव रखते हुए चले हैं। शायद प्रारम्भिक छायावादी, उसके बाद जीवन के संपर्क मांसलता लेते हुए ऐसी कविताएं, प्रगतिशील कविताएं, दार्शनिक कविताएं, सब सोपानों में इनकी अपनी छाप है।'

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

## रिपोर्ट: अब देश के लोगों का खान-पान नहीं ड्यूरेबल आइटम्स पर जोर

# दो दशक में ही बदली मानसिकता



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार



*"कुछ हद तक खाने-पीने के बदलाव की बात कही जाती है पर यह भी सही नहीं मानी जा सकती क्योंकि डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों के उपयोग में उतनी बढ़ोतरी नहीं दिख रही जितनी सिरियल्स के उपयोग में कमी आई है। लगता है जैसे सिरियल्स से लोगों का मोहभंग होता जा रहा है। पर इसे भविष्य के लिए शुभ संकेत भी नहीं माना जा सकता।"*

नेशनल सर्वे सेंपल की हालिया रिपोर्ट में रहन-सहन और खान-पान के प्रति देशवासियों में जबरदस्त बदलाव देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर 1999-00 से 2022-23 के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं पर खर्चे में तेजी से कमी देखी जा रही हैं। वहीं खाने-पीने से इतर अन्य पर खर्च में बड़ा उछाल सामने आ रहा है। मजे की बात यह है कि यह बदलाव केवल शहरी क्षेत्रों में हो ऐसा नहीं हैं, अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार लगभग समान ही नहीं शहरी क्षेत्र से अधिक ही है। ऐसा नहीं है कि इस दौरान प्रति व्यक्ति व्यय में कमी आई हो अपितु प्रति व्यक्ति व्यय में लगातार बढ़ोतरी ही देखने को मिल रही है।

यह रुझान तेजी से बदलती प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट करता है। मजे की बात यह है कि खाद्यान्न (सिरियल्स) के उपयोग में कमी आई है। वहीं अखाद्य सामग्री की खरीद में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। दरअसल यह बदलाव बदलते सिनेरियों को भी स्पष्ट करता है। एनएसएस की रिपोर्ट का समग्र विश्लेषण किया जाए तो खाने-पीने की वस्तुओं में चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण दोनों ही जगह ब्रेवरेज यानी की पेय पदार्थों और प्रोसेस्ड फूड यानी की डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ा है पर इन्हें भी शामिल कर लिया जाए तो भी खान-पान पर होने वाला व्यय 1999-00 की तुलना में 2022-23 आते आते बहुत कम हो गया है। वहीं अखाद्य वस्तुओं पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा दिल खोलकर पैसा खर्च किया जा रहा है। लगता है जैसे अब लोगों की समान रुप से प्राथमिकताएं बदल गई है। बल्कि यह कहना अधिक युक्तिसंगत होगा कि अब रहन-सहन और सुख सुविधाओं के उपयोग में गांव किसी तरह से भी शहरों से पीछे नहीं रह रहे है।

बल्कि रिपोर्ट से तो यही उभर कर आता है और यह स्पष्ट हो गया है कि माल संस्कृति के बावजूद अब उत्पादकों को ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा बाजार मिलने लगा है। इसे अर्थ व्यवस्था के लिए शुभ संकेत भी माना जा सकता है तो दूसरी और मानें या ना मानें पर सर्वे से तो यही स्पष्ट हो रहा है कि अब गांव गांव नहीं रहे और वह शहरों से कहीं पीछे नहीं रहना चाहते। यही कारण है कि उत्पादकों द्वारा अब ग्रामीण क्षेत्र को भी टारगेट बनाकर रणनीति तैयार की जाने लगी है। देश में दो दशक में ही आये ड्रास्टिक बदलाव को आंकड़ों की भाषा में समझे तो ग्रामीण क्षेत्र में 1999-00 में खाद्य सामग्री पर 59.40 प्रतिशत राशि व्यय की जा रही थी, वहीं 2022-23 आते आते यह घटकर 46.38 प्रतिशत ही रह गई।

खास बात यह कि इसमें तेजी से बदलाव खासतौर से पिछले एक दशक में देखा गया है। इसी तरह से शहरी क्षेत्र की बात की जाएं तो 1999-00 में खाद्यान्न पर खर्चा 48.06 प्रतिशत राशि की जाती थी जो 2022-23 आते आते कम होते हुए 39.17 प्रतिशत रह गई। सबसे खास बात यह कि सिरियल्स में जो कमी आई है भले ही उसके पीछे विशेषज्ञ एक कारण सरकार द्वारा खाद्य सामग्री का निःशुल्क व कम कीमत पर वितरण माना जा रहा है पर यह गले उतरने वाली बात इसलिए नहीं है कि खाद्य सुरक्षा के तहत एक सीमा तक ही निःशुल्क खाद्य सामग्री का वितरण हो रहा है। हां कुछ हद तक खाने-पीने के बदलाव की बात कही जाती है पर यह भी सही नहीं मानी जा सकती क्योंकि डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों के उपयोग में उतनी बढ़ोतरी नहीं दिख रही जितनी सिरियल्स के उपयोग में कमी आई है। लगता है जैसे सिरियल्स से लोगों का मोहभंग होता जा रहा है। पर इसे भविष्य के लिए शुभ संकेत भी नहीं माना जा सकता। 1999-00 में ग्रामीण क्षेत्र में सिरियल्स व सिरियल्स सबस्ट्यिूट पर 22.23 प्रतिशत राशि व्यय होती थी जो दो दशक में ही कम होते होते इकाई की संख्या यानी कि 6.92 प्रतिशत पर आ गई है। यह तो गांवों की स्थिति है।

शहरों में भी सिरियल्स व सिरियल्स सबस्ट्यिूट पर होने वाला व्यय 12.39 से कम होकर 4.51 प्रतिशत रह गया है। दूसरी और खाद्य सामग्री में ही ब्रेवरेज और प्रोसेस्ड फूड को लिया जाये तो इसका उपयोग शहरी क्षेत्र में 6.35 प्रतिशत से बढ़कर 10.64 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 4.19 प्रतिशत से बढ़कर 9.62 प्रतिशत हो गया है। दूसरी और अखाद्य वस्तुओं की खरीद की बात की जाए तो ग्रामीण क्षेत्र में 40.60 प्रतिशत से बढ़कर 53.62 प्रतिशत हो गई तो शहरी क्षेत्र में 51.94 प्रतिशत से बढ़कर 60.83 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसमें भी ज्यादा उछाल ड्यूरेबल आइटम्स में देखा जा रहा है। लोगों की रुचि वाहन, एसी, फ्रीज, ओवन, फ्लेट्स या मकान आदि की ओर रुझान बढ़ा है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि कपड़े-जूते और इसी तरह की निजी उपयोग की वस्तुओं पर व्यय में कमी आई है। दरअसल यह दो दशक में देशवासियों के बदलते मिजाज की तस्वीर है। पर खाने पीने की वस्तुओं के उपयोग में कमी आना, डिब्बा बंद व पेय पदार्थों के उपयोग में बढ़ोतरी चिंता का विषय होनी चाहिए। इसी तरह से ड्यूरेबल आइटम्स के लिए जिस तरह से पर्सनल और अन्य तरह के लोन लेने व क्रेडिट कार्ड के उपयोग के कारण कर्ज के बोझ तले दबने को भी उचित नहीं कहा जा सकता। देखा जाए तो इनसे आज की पीढ़ी व आज के लोग तनाव, कुंठा, प्रतिस्पर्धा आदि को भी बिना किसी तरह का दाम चुकायें प्राप्त करने लगे है। एक समय था जब दो टाइम की दाल रोटी पहली आवष्यकता व प्राथमिकता होती थी वह दो दशक में ही नेपथ्य में चली गई लगती है। सर्वे से यह तो साफ हो गया है कि आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र लगभग एक रफ्तार से एक ही दिषा में बढ़ रहे हैं और गांव शहर का भेद कम हो रहा है पर खाने पीने की आदतों में बदलाव भविष्य की चिंता का कारण बन सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

**व्यंग्य**

# ज्ञाता-द्रष्टा भाव की महिमा



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

हर किसी मामले में किंतु-परंतु करना कोई अच्छी बात नहीं होती। आध्यात्मिक जगत के गूढ़ सिद्धांत के अनुसार ज्ञानी वह होता है जिसका ज्ञाता-दृष्टा भाव प्रबल होता हो। इसके मायने यह हुए कि 'देख लिया और समझ लिया' इसके आगे कभी भूलकर भी कुछ नहीं करना चाहिए, लेकिन हम भला ऐसा मानते कहां है? हर किसी बात में अपनी अकल भिड़ाकर नुक्ताचीनी करना नहीं छोड़ते। ऐसा हुआ तो ऐसा क्यों हुआ? वैसा हुआ तो वैसा क्यों हुआ? यानी कि ऐसा होने पर ऐसा और वैसा होने पर वैसा आखिर क्यों कर हुआ? इस तरह के तमाम सवाल कर बैठते हैं। चतुर सुजान कहते हैं कि यही आदत हमारे अपने दुख का कारण हुआ करती है। अब जो जैसा है, वैसा है। भला इस मामले में हम कर ही क्या सकते हैं! हालांकि राजनीतिक जगत में यह सिद्धांत लागू नहीं होता कि हम अपने ज्ञाता-दृष्टा भाव का ही परिचय दें। राजनीति के मैदान में तो हर किसी बात पर किंतु-परंतु करना नेता लोगों का मूल चरित्र रहा है। हमारे यहां लोकतंत्र है, इसके चलते बोलते के बुरे बिकना तो बहुत स्वाभाविक है। राजनीति में अपना ज्ञान अपने पास रखने से काम नहीं चलता। अपने ज्ञान को सार्वजनिक किए बगैर कभी कोई लॉलीपॉप नहीं थमाता। लेकिन व्यावहारिक जीवन में हमारा ज्ञाता-दृष्टा भाव ही हमें तमाम तरह की आ सकने वाली विपत्तियों से बचा सकता है। मुंगेरी बाबू ने एक अदद कार खरीदी और पड़ोसियों का मुंह मीठा करवाने के लिए उनके घर गए। इसके पहले कि किसी का मुंह मीठा कराते, जवेरी बाबू ने सवाल दाग दिया कि आपने इस कंपनी की ऐसी कार क्यों खरीदी? इन दिनों बाजार में फलानी कंपनी की फलानी कार की रिपोर्ट बहुत अच्छी है। इसलिए आपको वह कार खरीदना चाहिए थी। अब भला किसी के घर में नई गाड़ी आए या लाड़ी, उसके नाक नक्श या चरित्र को लेकर किसी भी प्रकार की नकारात्मक टिप्पणी सुनकर सामने वाले का मन खट्टा हो जाना भी बहुत स्वाभाविक है। यही कारण है कि मुंगेरी बाबू अपनी नई नवेली कार को संदेह की दृष्टि से देखने को बाध्य हो गए। मैं सोचता रह गया कि भला जवेरी बाबू को इतना मुंह खोलने की क्या जरूरत थी?

उक्त मामले पर मुझे यह आत्मज्ञान मिला कि हमें ऐसे ज्ञानी बनना चाहिए जिनका ज्ञाता-दृष्टा भाव प्रबल हो। इस छल-कपट भरे जमाने में अजातशत्रु जैसी स्थिति को पाने के लिए हर किसी मामले में तटस्थ रहना ही ज्यादा श्रेयस्कर हुआ करता है। आदमी को हर किसी मामले में ज्यादा गहराई में उतरने की जरूरत नहीं होना चाहिए। अब होने को तो इस जमाने में बहुत कुछ उल्टा-सीधा हुआ करता है। आखिर हम कब-कब कहां-कहां और किस-किस मामले में अपनी टांग अड़ाएंगे! बेमतलब सुख की काया को दुख में डालने का आजकल के जमाने में कोई लाभ नहीं। इसलिए जमाने के नजारे देखो, देखते ही रहो- कभी कुछ ऐसी या वैसी प्रतिक्रिया न दो, यही तो सुखी जीवन का राज है।

---

## नॉलेज कॉर्नर: मजबूरी या फिर समझदारी

# जापान करेगा लकड़ी का सैटेलाइट लॉन्च!

भारी आधुनिक तकनीक के लिए फेमस देश जापान अब लकड़ी से बना सैटेलाइट लॉन्च करेगा। वैज्ञानिकों ने इसे लिग्नोसैट नाम दिया है। यह मैगनोलिया पेड़ की लकड़ी से बनाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, जापान की स्पेस एजेंसी JAXA इस सैटेलाइट को मार्च में NASA की मदद के साथ लॉन्च करेगा। फिलहाल इसे अमेरिकी रॉकेट से लॉन्च करने की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। लेकिन सवाल खड़ा होता है कि आखिर लकड़ी के सैटेलाइट को बनाने की जरूरत ही क्या है? जापान के इस अनोखे सैटेलाइट को क्योटो यूनिवर्सिटी और लॉगिंग कंपनी सुमितोमो वानिकी के शोधकर्ताओं ने बनाया है।

### कलकड़ी के सैटेलाइट से क्या फायदा होगा?

बायोडिग्रेडेबल होने की वजह से लकड़ी पर्यावरण के अनुकूल है। बायोडिग्रेडेबल चीजें नेचुरल तरीके से प्रकृति में मिलकर नष्ट हो जाती हैं और पर्यावरण को खराब नहीं करती। इसी आइडिया पर क्योटो के शोधकर्ता काफी समय से लकड़ी की सैटेलाइट पर काम कर रहे हैं। इस तरह के स्पेसक्राफट में सही लकड़ी का चयन करना बेहद जरूरी है। इसके लिए अलग-अलग किस्म की लकड़ियों को जांचा गया। एक ऐसी लकड़ी को चुना जाना थी जो लॉन्चिंग के दबाव को भी झेल पाए और पृथ्वी के चक्कर लगाते समय बदलते तापमान में भी खराब ना हो।



### अंतरिक्ष की मार को झेलने में पूरी तरह सक्षम

अलग-अलग किस्म की लकड़ियों को पहले लेबोरेटरी में टेस्ट किया गया। वहां, लकड़ियों को अंतरिक्ष जैसे माहौल में रखा गया। टेस्ट में पाया गया कि उनके वजन में ज्यादा कुछ बदलाव नहीं आया और कोई खास सड़न भी नहीं हुई। वैज्ञानिक भी लकड़ियों के झेलने की क्षमता को देखकर हैरान रह गए थे। पृथ्वी पर टेस्ट के बाद इन्हें अंतरिक्ष में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) भेजा गया। लगभग 300 दिनों तक उन सैंपल्स को ISS के बाहर कॉस्मिक किरणें के संपर्क में रखा गया। फिर से उनमें कोई खराबी नहीं देखी गई। प्रोजेक्ट के हेड कोजी मुराता ने समझाया कि अंतरिक्ष में ऑक्सीजन नहीं होती, जिसकी वजह से वहां लकड़ी जल नहीं सकती।

**स्पेस मिशन में नई क्रांति**

*जापान न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नासा और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी सैटेलाइट को मार्च में ISS के लिए रवाना कर सकते हैं। सैटेलाइट के एक मिशन ये भी जांचना होगा कि अंतरिक्ष में लकड़ी के ढांचे कितने कारगर हैं।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

---



**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री
@AmitShah
प्रधानमंत्री जी की पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील हमारे लोकतंत्र को और सशक्त बनाने, प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने के लिए एक निश्चित कदम है।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
हम हमारी संस्कृति के लिए काम करते हैं। राष्ट्र प्रथम, दूसरे नंबर पर पार्टी और व्यक्ति विशेष तीसरे नंबर पर रहता है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
एक राय एक व्यक्ति को प्रतिबंधात्मक सांचे में मजबूर करने का एक तरीका है। प्रेम का अर्थ है किसी व्यक्ति को एक नई संभावना में पोषित करना। प्यार और राय एक साथ नहीं जा सकते।

## लोकसभा चुनाव: दिल्ली के लिए चुनावी चौसर तैयार- आप ने खोले पत्ते, अब भाजपा व कांग्रेस की बारी

# आप ने दिल्ली से घोषित किए 4 प्रत्याशी, हरियाणा से 1 उम्मीदवार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ सीटों का समझौता होने के बाद आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को पांच उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया। अब भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा होना शेष है।

आप ने दिल्ली की चार और हरियाणा की एक सीट पर प्रत्याशी के नाम की घोषणा की है। कांग्रेस के साथ हुई सहमति के अनुसार आप दिल्ली में दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नई दिल्ली सीट पर लड़ेगी। वहीं, हरियाणा की कुरुक्षेत्र सीट उसके हिस्से में आई है, जबकि पंजाब की सभी 13 सीटों पर वह चुनाव लड़ रही है। इस बार पार्टी ने नई दिल्ली से सोमनाथ भारती पर विश्वास दिखाया है। वहीं, दक्षिणी दिल्ली से सही राम पहलवान को पार्टी ने टिकट दिया है। पूर्वी दिल्ली से कुलदीप कुमार और पश्चिमी दिल्ली से महाबल मिश्रा को उम्मीदवार बनाया है। भारती, कुलदीप कुमार और सहीराम तीनों विधायक हैं। हरियाणा की कुरुक्षेत्र सीट से सुशील गुप्ता को प्रत्याशी बनाया गया है। अब प्रत्याशी की घोषणा की कांग्रेस की बारी है। आप नेता और दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने पार्टी के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। इससे पहले पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक हुई। बैठक खत्म होने के बाद पार्टी ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। आप गुजरात की भरूच और भावनगर लोकसभा सीट पर पहले ही उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

### कौन कहां से उम्मीदवार

पूर्वी दिल्ली



कुलदीप कुमार

पूर्वी दिल्ली



सोमनाथ भारती

पश्चिमी दिल्ली



महाबल मिश्रा

दक्षिणी दिल्ली



सहीराम

हरियाणा कुरुक्षेत्र



सुशील गुप्ता

**सामान्य सीट से SC प्रत्याशी को टिकट**

केजरीवाल ने कहा कि पूर्वी दिल्ली सामान्य श्रेणी की सीट है। यहां से आप ने एससी समाज के कुलदीप कुमार को टिकट दिया है। कोई पार्टी जनरल सीट से एससी समाज को टिकट नहीं देती। बाबा साहिब के सपने को केवल आप पूरा कर रही है। कुलदीप कुमार एक सफाई कर्मचारी के बेटे हैं, बेहद गरीब परिवार से आते हैं।

### संगठन को मजबूत बनाने की सुस्त चाल

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से हाथ मिलाते हुए मजबूती से चुनाव लड़ने का ऐलान तो कर दिया है, लेकिन संगठन को मजबूत करने की उसकी चाल सुस्त है। दरअसल, पिछले साल दिसंबर में ही पार्टी ने हर लोकसभा सीट के लिए एक को-ऑर्डिनेटर और तीन ऑब्जर्वर नियुक्त किए थे। इसका मकसद संगठन को नए सिरे से खड़ा करना था।

### कमलनाथ ने पूछा- मेरे मुंह से सुना मैं कहीं जा रहा हूं!



**छिंदवाड़ा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मध्य प्रदेश के पूम मुख्यमंत्री कमलनाथ ने उनके हाल ही में भाजपा में जाने की अटकलों पर मंगलवार को सवालों पर सवालिया लहजे में कहा कि क्या कभी मेरे मुंह से सुना कि मैं कहीं जा रहा हूं। गौरतलब है कि कमलनाथ मंगलवार को चार दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा पहुंचे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, क्या आपने कभी मेरे मुंह से यह सुना है? आप (मीडिया) यह खबर चलाते हैं और फिर मुझसे इसके बारे में पूछते हैं। पहले, आपको (मीडिया) इसका खंडन करना चाहिए।

### ईडी ने सीएम केजरीवाल को भेजा आठवां समन



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आठवां समन भेजा है। इससे पहले ईडी ने उन्हें सातवां समन भेजा था, लेकिन केजरीवाल किसी ना किसी वजह से ईडी के सामने पेश नहीं हुए हैं। अब आठवां समन केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ा सकता है। प्रवर्तन निदेशालय ने आठवां समन जारी करते हुए इस तर्क को खारिज कर दिया था कि केजरीवाल को पेश होने के लिए भेजा गया नया नोटिस अनुचित है, क्योंकि मामला स्थानीय अदालत में विचाराधीन है। दिल्ली शराब घोटाले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के मामले में पूछताछ के लिए ईडी ने केजरीवाल को समन जारी किया है।

## प्रधानमंत्री ने केरल व तमिलनाडु में किया जनसभाओं को संबोधित

# तमिलनाडु को लूटने वाले भाजपा की बढ़ती ताकत से डरे: PM मोदी

**एजेंसी** | चेन्नई/ तिरुवनंतपुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस और वामपंथी ऊपर से एक दूसरे के विरोधी दिख सकते हैं, लेकिन जब कोई नहीं देख रहा होता तो ये मिलकर काम करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दशकों तक तमिलनाडु को लूटने वाले अब भाजपा की बढ़ती ताकत से डरे हुए हैं। वे झूठ बोलकर, लोगों को बांटकर और आपस में लड़वाकर अपनी सत्ता बचाना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपनी केरल यात्रा के दौरान तिरुवनंतपुरम में तथा बाद में तमिलनाडु के दौरे के दौरान तिरुपुर के पल्लदम में एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। पीएम मोदी तमिलनाडु में एन मन,एक मक्कल' पदयात्रा के समापन समारोह में शामिल होने के लिए तिरुपुर पहुंचे।

यहां उन्होंने एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जो राजनीति के समीकरण बनाते हैं, वे लिख ले कि इस बार देश का भाग्य पक्का करने में तमिलनाडु सबसे आगे होगा। 2024 में तमिलनाडु एक नया इतिहास रचने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग दिल्ली के एसी कमरों में बैठे हैं, जो लोग भारत को तोड़ने की व्यर्थ कोशिश कर रहे हैं, उन्हें यहां आना चाहिए और देखना चाहिए कि तमिलनाडु इतिहास रचने जा रहा है।



### मेरे लिए तमिल भाषा व संस्कृति विशेष

उन्होंने कहा कि मेरे लिए तमिल भाषा और तमिल संस्कृति बहुत विशेष रही है। संयुक्त राष्ट्र में मैंने जो तमिल कविता पढ़ी थी, उसके बारे में विदेशों तक में पूछा जाता है। मैंने मेरे संसदीय क्षेत्र में 'काशी तमिल संगमम्' करवाया, उसे लेकर भी लोग सवाल पूछते हैं। मैंने सेंगोल को देश की संसद के सबसे ऊंचे मंच पर स्थापित किया, इसे लेकर भी लोगों को जिज्ञासा होती है।

### DMK व कांग्रेस एक दूसरे के सहयोगी

पीएम मोदी ने कहा कि आप ये भी याद रखिए कि डीएमके और कांग्रेस लंबे समय से एक दूसरे के सहयोगी हैं। 2004-14 तक डीएमके लोग कांग्रेस की यूपीए सरकार के बड़े मंत्रालयों में मंत्री थे, लेकिन इसके बाद भी इन लोगों ने तमिलनाडु के लोगों के विकास को प्राथमिकता नहीं दी।

### पीएम मोदी ने एमजीआर को किया याद

पीएम मोदी ने एमजीआर को याद करते हुए कहा कि वह एक सच्चे नेता थे। एमजीआर ने परिवार के आधार पर नहीं, बल्कि प्रतिभा के आधार पर लोगों को आगे बढ़ाया। लेकिन दुर्भाग्य से आज तमिलनाडु में डीएमके के कारण जो राजनीति हो रही है, वो एमजीआर के लिए अपमान जैसी है। अगर एमजीआर के बाद कोई था तो वो अम्मा जयललिता थीं, जिन्होंने तमिलनाडु के जनहित और जनकल्याण के लिए अपना पूरा जीवन दिया।

### लोस चुनाव से पहले विपक्ष ने मानी हार

पीएम मोदी ने तिरुवनंतपुरम में भाजपा की प्रदेश इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि विपक्ष यह मान चुका है कि वह इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत नहीं पाएगा और देश की प्रगति को लेकर उसके पास कोई खाका नहीं है, इसलिए वह उन्हें भला-बुरा कहने की रणनीति अपना रहा है। कांग्रेस और इसके वामपंथी सहयोगियों की सिर्फ एक प्राथमिकता है और वो है अपने परिवार को बढ़ावा देना। इनके लिए परिवार का कल्याण भारतीयों के कल्याण से ज्यादा अहम है।

### राज्य को वोट बैंक की नजर से नहीं देखती BJP

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा कभी किसी राज्य को वोट बैंक के नजरिए से नहीं देखती। पिछले 10 साल में केरल को अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह ही विकास से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उनकी गारंटी है कि वह केरल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के साथ-साथ देश से गरीबी और भ्रष्टाचार मिटाना 'मोदी की गारंटी' है। पीएम मोदी ने कहा कि सहयोग नहीं मिलने के बावजूद केरल हमारी प्राथमिकता में है। केरल के 40 हजार किसानों को पीएम किसान योजना के तहत आर्थिक मदद मिली है। 50 लाख मुद्रा लोन केरल के युवाओं को बांटे गए हैं।

## बिहार में फिर हुआ खेला

# राजद के एक, कांग्रेस के दो विधायकों ने बदला पाला



**एजेंसी** | पटना

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बिहार में राजद और कांग्रेस को मंगलवार को बड़ा झटका लगा है। विधानसभा कार्यवाही में शामिल होने पहुंचे राजद व कांग्रेस के तीन विधायकों ने अपना पाला बदल लिया है। लालू यादव की पार्टी राजद की विधायक संगीता कुमारी और कांग्रेस के दो विधायक मुरारी गौतम और सिद्धार्थ सौरभ मंगलवार को भगवा खेमे में नजर आए। ये नाटकीय घटनाक्रम राज्य विधानसभा में भोजनावकाश के बाद हुआ। कार्यवाही शुरू होने पर राजद की संगीता कुमारी के अलावा कांग्रेस विधायक मुरारी गौतम और सिद्धार्थ सौरभ को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पीछे सदन के भीतर प्रवेश करते देखा गया। सम्राट चौधरी की ओर से इशारा करने पर वे सत्ता पक्ष की ओर बैठ गए और सत्तारूढ़ एनडीए के विधायकों ने मेजें थपथपाकर इसका अनुमोदन किया। इससे पहले राजद के तीन विधायकों ने 12 फरवरी को पाला बदल लिया था। उसी दिन जदयू -भाजपा नीत नीतीश सरकार के विश्वास मत हासिल किया था। इस प्रकार विपक्षी महागठबंधन को 15 दिनों में दूसरा सियासी झटका लगा है।

### पार्टी बदलने पर जा सकती है सदस्यता

सूत्रों के अनुसार दल-बदल कानून के तहत इन पर कार्रवाई तय है और तीनों की सदस्यता जाना भी निश्चित है। अगर बहुमत परीक्षण से अब तक के विधायकों पर इस कानून के तहत कार्रवाई की गई तो राजद के विधायकों की संख्या 79 से घटकर 75 रह जाएगी और कांग्रेस विधायकों की संख्या 19 की जगह 17 पर आ जाएगी। भाजपा के 78 विधायक हैं।

## मध्यप्रदेश में 'मिशन 29' में जुटी भाजपा

# लोकसभा सीटों पर रायशुमारी व दिग्गज नेताओं के दौरे शुरू

**एजेंसी** | नई दिल्ली/भोपाल

भाजपा ने मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 'मिशन 29'में जुट गई है। इसके तहत पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं के साथ जमीनी स्तर पर संवाद शुरू करेंगे।

इसी कड़ी में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को राज्य के मुरैना लोकसभा क्षेत्र में पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वहीं, पार्टी के अन्य बड़े नेता भी तय कार्यक्रम के अनुसार राज्य का दौरा करेंगे। इस दौरान पार्टी नेता क्लस्टर मुख्यालयों में बूथ स्तरीय सम्मेलन, सामाजिक सम्मेलन और प्रबुद्धजनों से संवाद करेंगे।

इधर, भाजपा ने राज्य की सभी 29 लोकसभा सीटों पर रायशुमारी शुरू कर दी है। प्रदेश की एकमात्र हारी हुई सीट छिंदवाड़ा और विधानसभा चुनावों में विधायक चुने गए 5 सांसदों की खाली हुई सीटों पर पार्टी पूर्व में ही रायशुमारी कर चुकी है। इनमें मुरैना, दमोह, होशंगाबाद, सीधी और जबलपुर शामिल हैं। मार्च के दूसरे सप्ताह में आचार संहिता लगने की संभावना है। इससे पहले क्लस्टर मुख्यालयों में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचेंगे। इसके बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भिंड, ग्वालियर या गुना में से किसी एक लोकसभा क्षेत्र में पहुंचेंगे। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र के लोकसभा क्षेत्रों में पहुंचने का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

### सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का निधन

**मुरादाबाद।** संभल के सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का मंगलवार सुबह शहर के एक हास्पिटल में निधन हो गया। 94 वर्षीय बर्क देश के सबसे अधिक उम्र के सांसद थे। वह अस्पताल में 29 जनवरी से भर्ती थे। उनके गुर्दे में संक्रमण था।

इससे पहले उनका गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भी उपचार चला था।गत 21 फरवरी को सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी उनका हाल जानने अस्पताल आए थे। सपा मुखिया ने उनके निधन पर व्यक्त किया है। सपा की पहली सूची में ही उन्हें संभल से पार्टी प्रत्याशी कर दिया था।

### मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन



**गांधीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को गुजरात के गांधी नगर में श्री स्वामी नारायण विश्वमंगल गुरुकुल के एक नए मेडिकल कॉलेज स्वामीनारायण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च का उद्घाटन किया। इस मौके पर शाह का स्वागत करते गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और स्वामीनारायण विश्वमंगल गुरुकुल के संत।

**राज्यसभा चुनाव**

# क्रॉस वोटिंग से गरमाई सियासत, हिमाचल की सुक्खू सरकार पर संकट!

**एजेंसी** | शिमला/लखनऊ

हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में मंगलवार को राज्यसभा की रिक्त सीटों के लिए हुए मतदान के बाद चुनाव नतीजों की घोषणा के साथ ही दोनों राज्यों में सियासत गरमा गई है। हिमाचल प्रदेश में क्रॉस वोटिंग के बाद भाजपा प्रत्याशी की जीत से राज्य में कांग्रेस की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार संकट में आ गई है।

भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कही है। इसके साथ ऐसे कयास शुरू हो गए हैं कि सरकार अल्पमत में आ सकती है। ज्ञात रहे कि मंगलवार को भी विधानसभा में कुछ कटौती प्रस्ताव थे, जिन पर भाजपा ने ध्वनिमत के बजाय मत विभाजन की मांग की, जिसे अध्यक्ष ने ठुकरा दिया। सत्ता पक्ष सदन में नहीं आया। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

गौरतलब है कि 29 फरवरी को बजट पारित होना है। वहां संख्याबल सिद्ध नहीं कर पाने पर राज्य में राष्ट्रपति शासन की स्थिति बन सकती है।

चुनाव नजीजों से पहले राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया था कि हरियाणा पुलिस और सीआरपीएफ, कांग्रेस के छह विधायकों को पंचकुला ले गई है। यह किडनैपिंग का प्रयास है। दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष व पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री को त्यागपत्र देना चाहिए। उन्होंने कहा कि महज एक साल के भीतर ही विधायकों ने सीएम का साथ छोड़ दिया है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने मंगलवार सुबह कहा था कि यदि कुछ विधायक बिके नहीं होंगे तो वह पार्टी प्रत्याशी को ही मत देंगे।





शाम तक स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस में नाराजगी अब इस कदर है कि विधायक खुलकर सामने आने के लिए तैयार हैं। राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया गुप्त नहीं है। कई कांग्रेस विधायकों ने पार्टी के अधिकृत एजेंट को दिखाकर क्रॉस वोटिंग की।

कांग्रेस और भाजपा दोनों को ही चुनाव में 34-34 मत पड़े। जबकि 68 सदस्यीय हिमाचल प्रदेश विधानसभा में भाजपा के 25 विधायक हैं।

ऐसे में उसे पार्टी से इत्तर नौ विधायकों का मिला साथ बहुत ही अहम है क्योंकि इसमें से छह विधायक कांग्रेस के हैं। इसी वजह से सुक्खू सरकार को लेकर कयासों को बल मिला है।

### भाजपा आज राज्यपाल से मिलेगी

हिमाचल प्रदेश में भाजपा के अध्यक्ष राजीव बिंदल ने चुनाव परिणाम के बाद कहा कि ये सरकार बहुमत खो चुकी है। सीएम सुखविंदर सुक्खू को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। भाजपा बुधवार को इस बारे में भाजपा राज्यपाल से मिलेगी।

### सिंघवी का BJP पर कटाक्ष... हम बेशर्मी से वह करेंगे जिसकी कानून अनुमति नहीं देता

कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि मैं हर्ष महाजन (भाजपा उम्मीदवार) को बधाई देता हूं। वह जीत गए हैं। वह मेरी बधाई के पात्र हैं। मैं उनकी पार्टी से कहना चाहूंगा कि आत्मनिरीक्षण करें और सोचें। एक 25 सदस्यीय पार्टी 43 सदस्यीय पार्टी के खिलाफ उम्मीदवार खड़ा करती है, तो वो पार्टी बस एक ही संदेश देना चाहती है कि हम बेशर्मी से वो काम करेंगे जिसकी कानून अनुमति नहीं देता...।

### ये बदलाव बहुत दुर्भाग्यपूर्ण

उन्होंने कहा कि एक नई नीति, एक नई सोच के बाद सोमवार रात और सुबह नाश्ते के बाद ये बदल गए हैं। ये बदलाव बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है भारत के लिए और विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के लिए। अगर ये नए भारत की परिभाषा है तो मै तो पुराने भारत को ही प्राथमिकता दूंगा।

## जरूरी खबर

### लोकपाल के नए अध्यक्ष होंगे खानविलकर



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश ए एम खानविलकर लोकपाल के नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति ने उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीशों लिंगप्पा नारायण स्वामी, संजय यादव और ऋतु राज अवस्थी को लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में भी नियुक्त किया है। वहीं, सुशील चंद्रा, पंकज कुमार और अजय तिर्की को गैर न्यायिक लोकपाल नियुक्त किया गया है। खानविलकर लोकपाल के दूसरे अध्यक्ष होंगे। पूर्व न्यायाधीश पिनाकी चंद्र घोष थे।

### किसान आंदोलनः एक और किसान की मौत

**चंडीगढ़।** किसान आंदोलन के दौरान मंगलवार तड़के एक और किसान की मौत हो गई है। मृतक किसान की पहचान पंजाब के पटियाला जिले के अरनो निवासी 62 वर्षीय करनैल सिंह के रूप में हुई है। करनैल सिंह को सांस लेने में परेशानी थी और उन्हें पटियाला के राजेंद्र हॉस्पिटल में दाखिल करवाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। करनैल सिंह 13 फरवरी से खनौरी बॉर्डर पर डटा हुआ था।

**अस्थाई तौर पर खोले बॉर्डरः** हरियाणा और दिल्ली बॉर्डर सिंधु और टिकरी को भी दिल्ली पुलिस ने अस्थाई तौर पर खोल दिया है।

### जमात-ए-इस्लामी J&K पर बैन पांच साल और बढ़ाया




**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी, जम्मू और कश्मीर संगठन पर लगे प्रतिबंध को भारत सरकार ने पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। इस संगठन को देश के खिलाफ काम करने के आरोप में 28 फरवरी 2019 को गैर कानूनी घोषित किया गया था और उसकी तमाम गतिविधियों पर रोक लगा दी गई थी। 27 फरवरी को उस पर लगे प्रतिबंध को पांच साल और बढ़ा दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ भारत सरकार की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत जमात-ए-इस्लामी, जम्मू-कश्मीर नाम के संगठन पर पांच साल का प्रतिबंध और बढ़ा दिया गया है।

## भविष्य का निर्माण...पीएम मोदी ने दिया विद्यार्थियों को मंत्र




*मदुरै। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को तमिलनाडु के मदुरै में 'क्रिएटिंग द फ्यूचर - डिजिटल मोबिलिटी फॉर ऑटोमोटिव एमएसएमई एंटरप्रेन्योर्स' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने स्कूली विद्यार्थियों से बातचीत की।*

## रेत खनन घोटाला: ईडी की कार्रवाई को हरी झंडी



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार को कथित अवैध रेत-खनन घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने ईडी की कार्रवाई को हरी झंडी दे दी है। उच्चतम न्यायालय ने कलेक्टरों को समन पर रोक लगाने के मद्रास हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है और कलेक्टरों को ईडी के बुलाने पर पेश होने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को फिर तमिलनाडु सरकार पर सवाल उठाए और पूछा कि किस कानून के तहत ईडी के खिलाफ याचिका दाखिल की? राज्य सरकार को संसद के बनाए कानून का पालन करना होगा। राज्य के अफसरों को पता लगाने में ईडी का सहयोग करना चाहिए कि अपराध हुआ है या नहीं। राज्य कैसे अपील दायर कर सकता है? यदि कलेक्टर व्यथित है तो कलेक्टर को अपील दायर करनी चाहिए थी।

### गृह मंत्रालय ने की जरूरी तैयारी: ऑनलाइन पोर्टल तैयार

# CAA: लोस चुनाव की घोषणा के पहले हो सकता है लागू

■ अफगानिस्तान, पाक, बांग्लादेश से आए गैर मुस्लिमों को मिल सकेगी नागरिकता

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में 'नागरिकता संशोधन अधिनियम' (सीएए) के नियम जल्द लागू होने जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इसके लिए तमाम औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। सूत्रों के अनुसार इसे 2024 के लोकसभा चुनावों की घोषणा से लागू किया जा सकता है। आवेदन और नागरिकता देने की प्रक्रिया आनलाइन होगी और इसके लिए पोर्टल बन कर तैयार हो गया है। सीएए के जुड़े नियमों को अधिसूचित करते ही पोर्टल को चालू कर दिया जाएगा। सीएए के तहत अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश से 31 दिसंबर 2014 के पहले भारत आने वाले छह अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों को भारत की नागरिकता देने का प्रविधान है। इसके लिए इन तीन देशों से आए विस्थापितों को कोई दस्तावेज देने की भी जरूरत नहीं है। इन देशों से आने वाले विस्थापितों को सिर्फ पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करना होगा और गृह मंत्रालय इसकी जांच कर नागरिकता जारी कर देगा। दरअसल नागरिकता देने का अधिकार पूरी तरह से केंद्र सरकार के पास है।



सीएए नियमों को लागू करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया गया है। पिछले माह केंद्रीय गृह मंत्रालय को नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के नियमों को तैयार करने के लिए लोकसभा में अधीनस्थ कानून पर संसदीय समिति की तरफ से एक और विस्तार मिला था। पहले के सेवा विस्तार की अवधि 9 जनवरी को खत्म हो गई थी। सीएए के नियम तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय को सातवीं बार विस्तार प्रदान किया गया था। इससे पहले राज्यसभा से भी गृह मंत्रालय को उक्त विषय पर नियम बनाने व लागू कराने के लिए 6 महीने का विस्तार मिला था।

#### कानून बना तो हुआ था विरोध

2019 में शीतकालीन सत्र के दौरान संसद से सीएए के पास होने के बाद इसका विरोध शुरू हो गया था। शाहीन बाग व अन्य स्थानों पर कई महीनों तक प्रदर्शनकारी डटे रहे थे। विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए सरकार इसे लागू करने में सावधानी बरतने का फैसला किया और लगभग चार साल के इंतजार के बाद इसपर आगे बढ़ रही है।

### टैंकों की तैनाती में होगी आसानी

## सेना में शामिल हुआ 46-मी. लंबा मॉड्यूलर ब्रिज

एजेंसी | नई दिल्ली

सेना में मॉड्यूलर ब्रिज को शामिल किया गया। इससे सेना को किसी भी चुनौतीपूर्ण जगहों पर अपने टैंकों को तैनात करने में आसानी होगी। साथ ही सेना के इंजीनियरों की महत्वपूर्ण ब्रिजिंग क्षमता को बढ़ाएगा। मॉड्यूलर पुलों की खरीद के लिए फरवरी 2023 में एलएंडटी के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, अगले 4 सालों में कुल 41 सेट धीरे-धीरे शामिल किए जाएंगे, जिनकी कीमत 2,585 करोड़ रुपए होगी। पहला सेट मंगलवार को सेना में शामिल किया गया।

यहां स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम 46 मीटर के मॉड्यूलर ब्रिज को सेना में शामिल किया गया। इस मॉड्यूलर ब्रिज को डीआरडीओ ने लार्सन एंड टुब्रो के साथ मिलकर डिजाइन और विकसित किया है। कार्यक्रम में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे व अन्य सैन्य अधिकारी शामिल हुए। मॉड्यूलर ब्रिज से भारत की सैन्य परिचालन क्षमता बढ़ेगी।

#### गार्डन पुलों की लेंगे जगह

मॉड्यूलर पुल मैन्युअल रूप से लॉन्च किए गए मध्यम गर्डर पुलों (एमजीबी) की जगह लेंगे जो वर्तमान में सेना में उपयोग किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित मॉड्यूलर पुलों के एमजीबी की तुलना में कई फायदे होंगे, जैसे बढ़ी हुई अवधि, निर्माण के लिए कम समय और पुनर्प्राप्ति क्षमता के साथ यांत्रिक लॉन्चिंग। इन पुलों का अधिग्रहण न केवल सेना की परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाता है, बल्कि रक्षा प्रौद्योगिकी और विनिर्माण में भारत की बढ़ती प्रमुखता को भी दर्शाता है।

### मणिपुर में फिर हिंसा

## इंफाल में गोलीबारी, हथियार बरामद

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में मंगलवार शाम एक बार फिर से भारी गोलीबारी शुरू हो गई है। गोलीबारी कथित तौर पर सशस्त्र समूह और एक अतिरिक्त एसपी के सुरक्षा गार्ड में हुई।

हालांकि, हमले के अपराधियों और इसके पीछे के मकसद का अभी तक पता नहीं चल पाया है। क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। सुरक्षाबलों के जवान स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गए हैं। फिलहाल किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, यह गोलीबारी मणिपुर के इम्फाल पूर्व के वांगखेई इलाके में हुई। उस क्षेत्र में अतिरिक्त एसपी का आवास भी है।

बताया जा रहा है कि आवास के पास गोलीबारी की सूचना है। इस बीच, मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में ऑपरेशन के दौरान हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और अन्य सैन्य उपकरणों की बरामदगी के बाद सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई।

इंडिया रिजर्व बटालियन, सेना के जवानों और मणिपुर पुलिस के जवानों ने गोलीबारी का जवाब दिया।

#### घाटी क्षेत्रों में फिर से अफस्पा लगाने का आग्रह

मणिपुर के एक आदिवासी संगठन आदिवासी एकता समिति (सीओटीयू) ने केंद्र सरकार से राज्य की इंफाल घाटी में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को फिर से लागू करने का आग्रह किया है। सीओटीयू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें पुलिस कर्मियों के स्थानांतरण और पोस्टिंग के संबंध में मणिपुर सरकार के हालिया आदेश को रद्द करने का आग्रह किया गया।

### PM आज महाराष्ट्र के दौरे पर, देंगे कई सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र के लोगों को बुधवार को कई बड़ी सौगातें देने वाले हैं। पीएम मोदी 4,900 करोड़ रुपये से अधिक की रेल, सड़क और सिंचाई से संबंधित परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार पीएम इस दौरान वर्चुअली 2 ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाने वाले हैं। इनमें एक कलंब और वर्धा को जोड़ने वाली रेल सर्विस है। दूसरी अमलनेर और न्यू आष्टी को जोड़ने वाली ट्रेन सेवा शामिल है। मोदी यवतमाल में कई विकास परियोजनाओं का ऐलान करेंगे।

## विकसित भारत और उद्योग पर सम्मेलन




*नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर मंगलवार को नई दिल्ली में विकसित भारत@ 2047 -विकसित भारत और उद्योग विषय पर अयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए।*

### खतरे की घंटी हैं चीन के मंसूबे

# ड्रेगन तेजी से बढ़ा रहा है परमाणु हथियारों का जखीरा

एजेंसी | नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति बनने की दौड़ में जुटा चीन अपने परमाणु जखीरे को तेजी से बढ़ा रहा है। इसके साथ ही वह अपनी सेना पीएलए को मजबूत बनाने में जुटा है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार चीन के पास वर्तमान में करीब 500 परमाणु हथियार हैं।

यही नहीं चीनी सेना भविष्य में परमाणु हथियारों के और अधिक का उत्पादन करने पर जोर दे रही है। हाल ही में जारी हुई बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट्स की एक रिपोर्ट में इन बातों का खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार अनुमान है कि चीन का वर्ष 2030 तक 1 हजार से अधिक परमाणु हथियार बनाने का लक्ष्य है। इनमें से अधिकांश की तैनाती भी जल्द ही सुनिश्चित की जाएगी। चीन की इस महत्वकांक्षा से भारत और अमेरिका को सबसे ज्यादा खतरा है। बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक चीन अमेरिका से परमाणु हथियार के मामले में आगे निकलना चाहता है। चीन के पास आज भी जरूरत से अधिक एटॉमिक हथियार हैं, लेकिन वह पूरी दुनिया पर अपना वर्चस्व कायम करने के लिए शायद ऐसा कर रहा है।




फाइल फोटो

रिपोर्टों के अनुसार चीनी सेना पीएलए खुद को मजबूत करने में जुटी है। यह भारत के लिए चिंता बढ़ाने वाला है। दोनों देशों में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव बना हुआ है। चीन वहां लगातार अपनी सैन्य क्षमता बढ़ा रहा है। ज्ञात रहे कि चीन की पीएलए परमाणु हथियार बढ़ाने पर कोई ठोस जानकारी नहीं देती है।

#### चीन के पास 2035 तक हो सकते हैं 1500 परमाणु हथियार

मीडिया रिपोर्टस कहती हैं कि यदि चीन 2022 की तरह अपने परमाणु विस्तार की गति जारी रखता है, तो चीन के पास 2035 तक लगभग 1500 हथियारों का जखीरा हो सकता है। यही वह समय सीमा है जब तक चीनी सेना मूल रूप से पूर्ण आधुनिकीकरण करने की योजना बना रही है।

#### दुनिया के लिए गंभीर खतरा

आधुनिकीकरण की आड़ में चीन अपने परमाणु भंडार की वृद्धि कर दुनिया के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन के बढ़ते परमाणु भंडार के पीछे दो वजहें मानी जा सकती हैं। पहला, अन्य परमाणु संपन्न देशों के साथ विश्वसनीय प्रतिरोध बनाए रखना, मुख्य रूप से अमेरिका और भारत से। दूसरा, मजबूत परमाणु संपन्न देश के रूप में अपनी वैश्विक स्थिति में सुधार करना।

### दवाओं के प्रचार में गलत बयानी का केस

## SC की बाबा रामदेव की कंपनी को फटकार

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने योगगुरु रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद को उसके उत्पादों के बारे में न्यायालय में दिए गए पूर्व के आश्वासनों के उल्लंघन और दवाओं के असर से जुड़े गलत दावों के मामले में मंगलवार को कड़ी फटकार लगाई। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस ए अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक को नोटिस जारी कर पूछा है कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जाए। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और उसके अधिकारियों को मीडिया में (प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक दोनों तरह



की) अन्य दवा प्रणालियों के बारे में कुछ गलत कहने के लिए आगाह किया। कंपनी ने पहले अदालत के समक्ष अपने हलफनामे में ऐसा नहीं करने की बात कही थी। पिछले साल 21 नवंबर को, कंपनी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि आगे से कानून का कोई उल्लंघन नहीं होगा।

**जयंती: प्रेस क्लब और बिड़ला सभागार में कार्यक्रम, गुर्जर समाज ने उठाई मांग**

# पथिक को मिले भारत रत्न सम्मान

***जयपुर।** स्वतंत्रता सेनानी विजयसिंह पथिक की जयंती पर राजधानी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पथिक सेना संगठन और पथिक सेवा आश्रम के सान्निध्य में पिंक सिटी प्रेस क्लब में राष्ट्रीय पथिक सम्मान का आयोजन किया गया वहीं, राजस्थान गुर्जर महासभा युवा प्रकोष्ठ की ओर से बिड़ला ऑडिटोरियम में गुर्जर युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रमों के दौरान गुर्जर समाज की ओर से विजयसिंह पथिक को भारत रत्न दिए जाने की मांग की।*

## राष्ट्रीय पथिक सम्मान से प्रतिभाओं को नवाजा




**बेधड़क | जयपुर**

पथिक सेना संगठन और पथिक सेवा आश्रम के सानिध्य में पिंक सिटी प्रेस क्लब जयपुर में आजादी के पहले सफल सेनानी विजय सिंह पथिक की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर खेल, साहित्य, पत्रकारिता, इतिहास जनसेवा के क्षेत्र में 2 दर्जन राष्ट्रीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पथिक सम्मान-2024 दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर थे और अध्यक्षता गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि मांडल विधायक उदयलाल भडाना व मुख्य वक्ता पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल थे। राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य ब्रह्मसिह गुर्जर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के पूर्व चेयरमैन डॉ. पीएस वर्मा सहित अन्य ने शिरकत की।

मुख्य वक्ता व संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने पथिक के अनछुए पहलुओं का जिक्र करते हुए उनके कृतित्व त्याग बलिदान पर भारत सरकार से भारत रत्न की मांग की। उन्होंने शिक्षा मंत्री से सरकारी पाठ्यक्रम में पथिक को पूर्ण स्थान देने व पथिक यूनिवर्सिटी की मांग की। साथ ही गृह राज्यमंत्री व विधायक से पथिक स्मारक व पैनोरमा बनवाने की मांग की। मंत्री मदन दिलावर ने पथिक के साथ हुई उपेक्षा पर कहा कि हम न्याय करेंगे उचित सम्मान देने का संगठन को भरोसा दिलाया। जवाहर सिंह बेढंम ने कहा, कि पथिक के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हुआ है। संगठन की सभी मांगें वाजिब हैं। अतिथियों का स्वागत पथिक सेना प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह बस्सी व प्रदेश व जिला अध्यक्षों ने किया। आभार प्रकट कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पवन गुर्जर ने किया।

## युवा सम्मेलन में देश भर के यंगस्टर्स हुए शामिल




**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर में जब 13 साल बाद युवा सम्मेलन में देश भर के लोग जुटे तो कई मुद्दे भी सामने आए। मौका था विजय सिंह पथिक जयंती के उपलक्ष्य में राजस्थान गुर्जर महासभा युवा प्रकोष्ठ की ओर से बिड़ला ऑडिटोरियम में गुर्जर युवा सम्मेलन का, जिसमें देश भर के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

समाज के युवाओं द्वारा देश सेवा और समाज सेवा में अपना प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से आयोजित सम्मेलन के मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम रहे। उद्घाटन राजस्थान गुर्जर महासभा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री कालू लाल गुर्जर ने किया। राजस्थान गुर्जर महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गौरव चपराना ने बताया कि सम्मेलन में युवाओं को समाज हित में एकजुट होने का आहान किया गया। सम्मेलन में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम ने कहा कि विजय सिंह पथिक ने हमेशा अन्याय व अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी। हरियाणा के अजीत सिंह तोंगड ने कहा कि समाज के युवाओं को नौकरियां के अलावा व्यापार में भूमिका बढ़ानी चाहिए। महासभा युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रोहित सिंह चेची ने बताया कि सम्मेलन में महन्त दिनेश गिरि, मगंलनाथ, नगर निगम हेरिटेज की मेयर मुनेश गुर्जर, विजय बैंसला, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा, प्रहलाद अवाना, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनारायण रग्गल, अशोक गार्ड, अमरसिंह कसाना, जयपुर जिलाध्यक्ष सरदार सिंह चेची, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष रोहित सिंह चेची और आंचल अवाना सहित समाज के लोग मौजूद रहे। युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष गौरव चपराना ने भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत की।

## सीखेंगे मेक्सिकन पाक कला



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स को विशेषज्ञ मेक्सिकन फूड की बारीकियां बताएंगे और हर उम्र के लोग इस बारे में जान सकेंगे। मेक्सिकन फूड एक्सपर्ट जयपुर में हैं और कला को प्रमोट कर रहे हैं। इंटरकांटिनेंटल में फेस्ट के दौरान 'मेक्सिकन कलिनरी फिएस्टा' भी खास है। मेक्सिको से खास एक्सक्लूसिव शेफ तानिया टैलेंट एक्सप्लोर कर रही हैं। खास कार्यक्रम के लिए भारत आई शेफ तानिया और एग्जीक्यूटिव शेफ गौरव पराशर ने बताया कि भारत और मेक्सिको का खान-पान लगभग एक जैसा ही है। 29 फरवरी को एक विशेष मास्टर क्लास होगी।

## विवेक सागर का मंगल प्रवेश



**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के छठे तीर्थंकर भगवान पदमप्रभू का मोक्ष कल्याणक दिवस बुधवार मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में विशेष आयोजन किए जाएंगे तथा मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। इससे पूर्व अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में मंगलवार को आचार्य विवेक सागर महाराज ससंघ का गाजे-बाजे से मंगल प्रवेश हुआ। क्षेत्र के मंत्री एडवोकेट हेमंत सोगानी के नेतृत्व में कमेटी की ओर से आचार्य ससंघ की अगवानी करते हुए पाद पक्षालन व मंगल आरती की गई। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा (बाड़ा) में आचार्य विवेक सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में सुबह 7:15 बजे से मूल नायक पद्मप्रभ भगवान की प्रतिमा के अभिषेक होंगे।

## मणि को बेस्ट पेंटिंग अवॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर की कोलॉज कलाकार डॉ. मणि भारतीय को बॉम्बे आर्ट सोसायटी की 132वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी जहांगीर आर्ट गैलरी 'छगनलाल वी पटेल बेस्ट पेंटिंग अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। उनकी दो कोलॉज कलाकृतियां 'ह्यूज ऑफ ग्रीन' और 'स्ट्रीट ऑफ शिमला' भी चयनित की गईं। डॉ. मणि रंगीन मैगजीन के चिकने पेपर्स को फाड़कर और रंगों की तरह उनका इस्तेमाल करके कलाकृति को जन्म देती हैं।

# City इवेंट्स

### 'मुक्ति आंदोलन' का किया शंखनाद



**बेधड़क. जयपुर।** संयुक्त भारतीय धर्म संसद व सहयोगी संगठनों की ओर से गोविंद देवजी मंदिर से श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन का शंखनाद किया गया। श्रीकृष्णम् महाकाव्य व आंदोलन के पोस्टर को गोविंद देवजी के चरणों में अर्पित कर लोकार्पित किया गया। संतों-महंतों को दुपट्टा, फूल माला और प्रसाद देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व संयुक्त भारतीय धर्म संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन अभियान अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, संयोजक महंत दीपक वल्लभ गोस्वामी, अलबेली माधुरी शरण, भक्त कवि डॉ. के सी परवाल व अन्य ने भगवान गोविंद देवजी की पूजन-अर्चन कर प्रार्थना की। लोगों ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति कराने हम घर-घर जाएंगे... के जयकारे लगाए।

### शाही प्री-वेडिंग में जयपुरी टेबलवेयर

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर अपनी वास्तुकला व जीवंत कल्चर के साथ शिल्प कौशल के लिए प्रसिद्ध है। ऐसे में अब मुकेश अंबानी के बेटे की प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में यहां से टेबलवेयर को चुना गया है। 1 से 3 मार्च तक प्री-वेडिंग में जामनगर में दुनिया भर के मेहमानों के सामने जयपुर का टैलेंट पेश होगा। इसके लिए सैकड़ों नमूने तैयार किए गए और आखिर में चयनित डिजाइन फाइनल की गई। अरुण पाबुवाल ने बताया कि समय सीमा को देखते हुए लगभग 110 शिल्पकारों की टीम ने पारंपरिक भारतीय विनिर्माण तकनीकों के साथ नवीनतम कम्प्यूटरीकृत (सीएनसी) तकनीकों को नियोजित करते हुए टेबलवेयर तैयार किए।


### मूक बधिर बच्चों को कराया भोजन



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान पथिक सेवा संगठन द्वारा विजय सिंह पथिक जयंती पर राजकीय मूक बधिर पोद्दार संस्थान में मूक बधिर बच्चों को भोजन कराया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह बजाड़ ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैसला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मालासेरी डूंगरी के पुजारी हेमराज पोसवाल शामिल हुए और मूक बधिर बच्चों अपने हाथों से भोजन कराया।

**बच्चों ने सीखा विश्व गुरु बनने का तरीका**

## 'लो आ गई वापस सोने की चिड़िया' में सभ्यता के दर्शन





**बेधड़क | जयपुर**

लो आ गई वापस सोने की चिड़िया ने दर्शकों को भावुक और रोमांचित किया, जिसका निर्देशन गिरीश कुमार यादव ने किया और लेखन ललित प्रकाश का रहा। मंच पर उज्जवल, दिव्यांश, दीपक, देव, प्रवीण ने अभिनय से बताया कि समाज में कला का कितना महत्व है। साथ ही हमारी संस्कृति और सभ्यता के रक्षण के लिए कला का और नाटक का कितना अहम योगदान है। नाटक में कहने की कोशिश की कि नाटक एक प्रकार का जादू होता है।

उसे देखकर हर कोई उसकी ओर खींचा चला आता है और इसलिए नाटक ही ऐसा सुदृढ़ साधन है, जिससे हम लोगों को समाज में फैल रही बुराइयों के खिलाफ जागरुक कर सकते हैं। हमारे आने वाली युवा पीढ़ी को हम समाज मे होने वाले अत्याचार के खिलाफ तैयार कर सकते हैं और उन्हें ये समझा सकते हैं, कि हमारी संस्कृति और सभ्यता कितनी महान है। नाटक ने जागरूक भारतीय नागरिक होने के पैमाने को साझा करते हुए समझाया कि इस विश्व को कितना कुछ दिया है। जैसे शून्य और नालंदा, तक्षिला, विक्रम शिला जैसे विश्वविद्यालय हमारे देश में ही हुए। कलाकारों ने दर्शाया कि किन-किन बुराइयों को नाटक से दूर कर हम सारे विश्व का नेतृत्व कर सकते हैं और भारत आत्मनिर्भर और विश्व गुरु बन सकता है।

**कोमी एकता पर मंचित हुआ नाटक**

## 'ईश्वर अल्लाह तेरो नाम' में दर्शाया बंटवारे का दर्द



**बेधड़क | जयपुर**

अनुपम रंग थिएटर सोसायटी की ओर से संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित 2 दिवसीय रंगीला नाट्य समारोह का समापन किया गया।

इस दौरान प्रबोध जोशी द्वारा लिखित व वरिष्ठ रंगकर्मी नरेंद्र सिंह बबल द्वारा निर्देशित कौमी एकता पर आधारित नाटक 'ईश्वर अल्लाह तेरो नाम' का मंचन किया गया। कलाकारों ने देश के बंटवारे के दर्द को केंद्र में रखा गया। नाटक में मंच पर एक पागलघर दिखाया गया, जिसमें ईश्वर, अल्लाह, आईजैक, विनोद और कई अनामी पागल हैं जो आजादी के समय से रहते हैं।

ये सभी पागल खाने की दुनिया को बाहर की दुनिया से सर्वश्रेष्ठ मानते हैं, क्योंकि इनके बीच धर्म, जाति, भाषा के नाम पर झगड़े नहीं होते। सभी मिलकर कौमी तराने व देश भक्ति के गीत गाते हैं, प्रार्थना करते हैं, नमाज अदा करते हैं। इनका मानना है कि पागलखाने के बाहर कहने को इंसान तो हैं, लेकिन सही मायने में इंसान कोई नहीं है।

यहां सब पागल तो हैं पर सयाना कोई नहीं है। नाटक ने 1947 के बंटवारे के साथ आज के हालातों पर रोशनी डाली। प्रस्तुति में अर्जुन सिंह राठौड़, गौरव त्रिपाठी, विकास सैनी, सोनू शर्मा, महेंद्र शर्मा, नंदा सिंह, दुर्गा प्रसाद सैनी व तरुण सूर्यवंशी आदि ने अपने अभिनय से दर्शकों को बांधे रखा।

**वर्कशॉप | जवाहर कला केंद्र में दो मार्च तक चलेगा प्रशिक्षण**

## विशेषज्ञों ने रंगकर्मियों को सिखाई मेकअप की बारीकियां

**बेधड़क | जयपुर**

रूप सज्जा रंगमंच का एक अहम हिस्सा है। नाटक बिना रूप सज्जा के अधूरा है। यह किरदार में जान डाल देता है। मेकअप में कई अलग-अलग वेरिएशन होते हैं। ये विचार और जानकारी विशेषज्ञों ने जयपुर में रखी।

उन्होंने यही सब वर्कशॉप के दौरान प्रतिभागियों को सिखाने की कोशिश की। मौका था जवाहर कला केन्द्र में मोलेला पॉटरी और रूप सज्जा कार्यशाला की शुरुआत का। इस अवसर पर केन्द्र के कार्यवाहक अतिरिक्त महानिदेशक चेतन कुमार शर्मा, कार्यशाला प्रशिक्षक व कला अनुरागी मौजूद रहे। रंगमंच के सन्दर्भ में रूप सज्जा कार्यशाला 2 मार्च तक आयोजित की जाएगी।

इसमें राजस्थान के वरिष्ठ रूप सज्जाकार राधेलाल बांका और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के फैकल्टी प्रो. अरुण कुमार मलिक रंगकर्मियों को रूप सज्जा की बारीकियां बता रहे हैं। 16 प्रतिभागी रूप सज्जा का प्रशिक्षण ले रहे हैं।



### तालाब की मिट्टी से बनती हैं कलाकृतियां

मोलेला पॉटरी कार्यशाला में अम्बालाल कुम्हार और राजमल गर्ग 15 प्रतिभागियों को गुर सिखा रहे हैं। अम्बालाल ने इस कला की जानकारी देते हुए कहा कि यह हमारी पुश्तैनी कला है। इस कला के लिए राजसमंद के मोलेला गांव की खास मिट्टी का उपयोग करते हैं। राजमल ने बताया कि मोलेला पॉटरी एक खास तरह की कला है। इसमें मिट्टी की मदद से देवी-देवाओं की मूर्तियां बनाई जाती हैं।





मित्र वह परिवार है जिसे आप चुनते हैं।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने जारी किया सऊदी विजन-2030

# इकॉनोमी को मल्टी डायमेंशनल बनाने की कवायद

**एजेंसी** | रियाद

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद ने तेल पर देश की अर्थव्यवस्था की निर्भरता को कम करने के लिए सऊदी अरब को एक आधुनिक देश बनाने की दिशा में कई बड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने सऊदी अरब को दुनिया के लिए खोलने का फैसला किया है।

लेकिन, उनके इस फैसले में सबसे बड़ी बाधा राजनीतिक, राजनीतिक, आर्थिक और कानूनी स्वतंत्रता की कमी को माना जा रहा है। हाल ही आई अटलांटिक काउंसिल की समग्र स्वतंत्रता रिपोर्ट-2024 में बताया गया है कि सऊदी अरब में राजनीतिक स्वतंत्रता की कमी लंबे समय से सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता की कमी को प्रतिबिंबित करती रही है और यह देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा है।

## बताया पूर्ण राजशाही वाला देश

रिपोर्ट में बताया गया है सऊदी अरब वास्तव में एक पूर्ण राजशाही है, जो विशाल तेल संपदा से संपन्न है। मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र के कई अन्य देशों की तरह सऊदी अरब एक व्यक्ति केंद्रित शक्ति संरचना से ग्रस्त है। इस देश में स्थानीय लोगों को भी अवसर की समता और उनमें शक्ति का बराबर वितरण नहीं है। लेकिन, अब सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस देश को बदल रहे हैं। सऊदी अरब ने तेल पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए सऊदी विजन- 2030 नाम से एक आमूलचूल सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन शुरू किया है।

## अभी समग्र स्वतंत्रता स्कोर लचर

रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब का समग्र स्वतंत्रता स्कोर वास्तव में कम है। यह 2018 तक 32 के आसपास रहा। पिछले चार वर्षों में 7.2 अंक का सुधार देखा गया है, लेकिन यह अभी भी क्षेत्रीय औसत से लगभग 7 अंक नीचे है। स्वतंत्रता स्कोर में हालिया सुधार आर्थिक स्वतंत्रता से प्रेरित है, जिनमें 2015 के बाद से 22.3 अंक की वृद्धि हुई है। महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता और संपत्ति अधिकार संरक्षण में प्रगति इस सकारात्मक प्रवृत्ति से पीछे है, हालांकि किंगडम ने वास्तव में बाधाओं को दूर करने के लिए कठोर कदम उठाए हैं और महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

### एक ही दिन करेंगे अमेरिका-मेक्सिको सीमा का दौरा

# बाइडेन-ट्रंप आमने-सामने

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका में चुनावी गहमागहमी शुरू हो गई है। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स दोनों ही पार्टियों के नेता वोटर्स को रिझाने में लग गए हैं। इस साल के अंत में पता चल जाएगा कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति कौन होगा। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडन मतदाताओं का दिल जीतने की होड़ में जुटे हुए हैं।

दरअसल, रिपब्लिकन की तरफ से ट्रंप और डेमोक्रेट्स की ओर से बाइडन राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित किए गए है। अब प्रवासियों के वोट हासिल करने के लिए दोनों एक ही दिन गुरुवार को यूएस-मेक्सिको सीमा का दौरा करेंगे। गौरतलब है कि प्रवासियों का मुद्दा 2024 के चुनाव के सबसे गर्म मुद्दों में से एक बना हुआ है। हर साल अमेरिका में रिकॉर्ड संख्या में प्रवासी अवैध रूप से प्रवेश करते हैं। इसको लेकर बाइडन ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है। वहीं, ट्रंप हमेशा से कठोर आप्रवासन विरोधी रुख अपनाए हुए है। उन्होंने वादा किया है कि अगर वह सत्ता में वापस लौटे तो वह मेक्सिको से क्रॉसिंग पर रोक लगाएंगे। एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, अवैध आप्रवासन के बारे में जनता की चिंता पिछले दो प्रशासनों की तुलना में इस बार अधिक है। पहली बार अधिकांश अमेरिकी अब सीमा पर दीवार बनाने का समर्थन करते हैं, जो कि ट्रंप की एक प्रमुख नीति है।



## एक-दूसरे पर थोप रहे दोष

राष्ट्रपति चुनाव के आठ महीने से भी कम समय पहले दोनों ही प्रतिद्वंद्वी नेता गुरुवार को टेक्सास में सीमा के विभिन्न हिस्सों का दौरा करेंगे। माना जा रहा है कि ट्रंप के सीमा दौरा करने की घोषणा के बाद ही बाइडन ने भी जल्दबाजी में अपनी सीमा यात्रा की योजना बनाई है। ट्रंप के एक प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि बाइडन का उसी दिन सीमा पर जाना मात्र एक दिखावा है। वो यह दिखाना चाहते हैं कि यह समस्या कितनी बड़ी है। बता दें कि रिपब्लिकन प्रवासियों के प्रवाह के लिए शरण के अधिकार के पक्ष में बाइडन की नीतियों को दोषी ठहराते हैं, जबकि व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प की पार्टी जानबूझकर समाधान खोजने के प्रयास को विफल कर रही है।

# पूर्व टीवी प्रजेंटर और उसके प्रेमी का शव बरामद

**एजेंसी** | सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में लापता पूर्व टीवी प्रेजेंटर व उसके प्रेमी का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है। इनकी पिछले हफ्ते देश के दक्षिणपूर्व में एक पुलिस अधिकारी ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी। न्यू साउथ वेल्स राज्य के पुलिस आयुक्त करेन वेब्ब ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये शव सिडनी से लगभग 185 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में बुंगोनिया शहर में एक प्रोपर्टी में मिले हैं।

कमिश्नर ने सिडनी में कहा कि हमें पूरा यकीन है कि हमने ल्यूक और जेसी को ढूंढ लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जोड़े के रिश्तेदारों को पहले ही इस बारे में सूचित कर दिया है और शवों की औपचारिक पहचान के लिए उन्हें अपराध स्थल पर ले जाया जाएगा। वेब्ब ने इस बात से भी इनकार किया कि ये होमोफोबिया से प्रेरित हत्याएं हैं क्योंकि इन्हें घरेलू हिंसा से जुड़ा माना जाता है। ऑस्ट्रेलिया को झकझोर देने वाले इस अपराध की जांच के हिस्से के रूप में अधिकारियों ने 28 वर्षीय पुलिस अधिकारी ब्यू लैमरे, जिनके बारे में माना जाता है कि वह बेयर्ड के साथ शामिल थे, पर शुक्रवार को सिडनी पुलिस स्टेशन में खुद को पेश करने के बाद हत्या के दो मामलों का आरोप लगाया। पुलिस का मानना है कि लैमरे ने 19 फरवरी को सिडनी के पूर्व में पैडिंगटन के उपनगर में ऑस्ट्रेलियाई चैनल नेटवर्क 10 के लोकप्रिय चेहरों में से एक, पूर्व टीवी एंकर के घर पर बेयर्ड और डेविस की बन्दूक से हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने एक सफेद वैन से शव ठिकाने लगाए थे।






## हटाया जाएगा तंबाकू बिक्री पर लगा प्रतिबंध

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की नई सरकार तंबाकू की बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने जा रही है। रिसर्चर्स द्वारा तंबाकू से होने वाले मौतों के बारे में दी गई चेतावनी के बावजूद सरकार ने इस पर लगे प्रतिबंध को हटाने की घोषणा की है। स्वास्थ्य मंत्री केसी कॉस्टेलो ने कहा कि सरकार धूम्रपान को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन इसके लिए एक अलग नियामक दृष्टिकोण अपना रही है।

# पाकिस्तान में बन रहा राम मंदिर

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

यूएई के अबू धाबी में विशाल हिंदू मंदिर के उद्घाटन के बाद पाकिस्तान में भी एक राम मंदिर बन रहा है। ये भले ही अबू धाबी जैसा बड़ा नहीं है लेकिन वहां की हिन्दू आबादी के लिए काफी अहमियत रखता है और आस्था का केंद्र है। सिंध प्रांत के इस्लामकोट में करीब 200 साल पुराना राम मंदिर है। आसपास की हिन्दू आबादी के लोग यहां आकर पूजा अर्चना करते हैं। ये पाकिस्तान का अकेला हिन्दू मंदिर है, जहां बाकायदा पूजा होती है। इस मंदिर की इमारत जर्जर हो चुकी है। अब इसके बराबर में ही मंदिर की नई इमारत बनाई जा रही है। इस इमारत को बाबर और जुल्फिकार नाम के दो मुस्लिम युवक तैयार कर रहे हैं।

## कारीगर और मजदूर सब मुस्लिम


मंदिर बनाने में लगे कारीगरों के अलावा मजदूर भी मुसलमान ही हैं। इन लोगों ने कहा कि उनको अगले छह महीने में मंदिर की नई इमारत बन जाने की उम्मीद है। इसके बाद जो मूर्तियां पुराने मंदिर में रखी हैं उनको पूरे विधान के साथ नई इमारत में विराजमान कर दिया जाएगा। इस मंदिर में भगवान राम, सीता और लक्ष्मण की मूर्तियों के अलावा भगवान शिव की मूर्ति भी स्थापित है। मंदिर बना रहे बाबर ने बताया कि वह इस्लामकोट में संत नेनुराम आश्रम भी बना चुके हैं।

### समुद्र में छिपी दौलत के लिए भिड़ रहे देश

# अरबों डॉलर के खजाने पर गड़ी निगाहें

**एजेंसी** | सैन जोस

अथाह जल से भरे समुद्र में खरबों डॉलर का खजाना छिपा रखा है। ऐसे ही एक खजाने की खोज कैरेबियाई तट के पास हुई है। साल 1708 में डूबे स्पेन के जहाज पर सोने, चांदी, पन्ना और अन्य बहुमूल्य रत्नों का 20 अरब डॉलर का खजाना हो सकता है। कोलंबिया की सरकार ने इसकी जानकारी दी है। वह अब इस जहाज की जांच के लिए समुद्र के अंदर एक दल भेजने जा रही है। इस जहाज का नाम सैन जोस था। स्पेन के ऐतिहासिक अभिलेखों से संकेत मिलता है कि सैन जोस जहाज दक्षिण अमेरिका में स्पेनिश उपनिवेशों से धन ले जा रहा था। इसमें पन्ने से भरी 100 से अधिक तिजोरियां हैं। इसके अलावा लाखों सोने और चांदी के सिक्के भी भरे हुए हैं। साल 1698 में लॉन्च किया गया यह जहाज 'नई दुनिया' से स्पेन के राजा फिलिप पंचम के दरबार जा रहा था जब वह कार्टाजेना के पास बारू द्वीप के पास एक लड़ाई में डूब गया।



## स्पेन और बोलिविया ने भी किया दावा

इस लड़ाई में जहाज डूब गया और 500 से अधिक चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई। साल 2015 में, वुड्स होल ओशनोग्राफिक इंस्टीट्यूशन ने डूबे हुए गैलियन का पता लगाया। कोलंबिया ने 2024 में जांच अभियान के लिए लगभग 4.5 मिलियन डॉलर का आवंटन किया है। शोधकर्ता जहाज़ के मलबे के आसपास के पानी का पता लगाने के लिए नई उन्नत तकनीक का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं, जो लगभग 600 मीटर की गहराई पर स्थित है। खोज के लिए जलमग्न रोबोटिक तकनीक इस्तेमाल करने का इरादा है। इस पर स्पेन और बोलीविया दोनों ने दावा किया है।

## विवादित रहा है मालिकाना हक

इस जहाज का मालिकाना हक हमेशा विवाद का विषय रहा है। इस पर स्पेन और बोलीविया दोनों ने दावा किया है। बोलविया ने कहा है कि उपनिवेश काल के दौरान उनके लोगों ने अपनी मेहनत से इन अनमोल धातुओं को निकाला था। हालांकि, कोलंबियाई राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का लक्ष्य देश के अपने संसाधनों का उपयोग करके मलबे को फिर से हासिल करना है और यह सुनिश्चित करना है कि यह कोलंबिया में ही रहे। कोलंबिया का यह अभियान जहाज के डूबने से पहले उस पर सवार लोगों के जीवन की गहरी समझ हासिल करना भी चाहता है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl